




# ALIVE NEWS

अलाईव न्यूज

Any Enquiry Cont. : 0129-4070270

खबर वही, जो जिंदा रहे!

Vol. 13 Issue No. 03 Faridabad (NCR) | Friday, 01-15 March 2024 | Rate : 5 /- | RNI No. : HARBIL/2012/45536 | Postal Registration No. L-2/HR/FBD/296/24-26 | Page : 8







## हरियाणा में अब नायब सरकार

# राज्यपाल ने दिलाई सीएम पद की शपथ

Chandigarh/Alive News

हरियाणा की राजनीति में एक नाटकीय घटनाक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और इसके कुछ ही देर बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के अध्यक्ष नायब सिंह सैनी को विधायक दल का नेता चुन लिया गया। हरियाणा भाजपा अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने राजभवन में राज्य के नए मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उन्हें सीएम पद की शपथ दिलाई। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले हरियाणा की राजनीति में एक नाटकीय घटनाक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और इसके कुछ ही देर बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के अध्यक्ष नायब सिंह सैनी को विधायक दल का नेता चुन लिया गया।



**बीजेपी ने क्यों जजपा संग तोड़ा गठबंधन**

जजपा आगामी लोकसभा चुनाव में हिसार और भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से अपना उम्मीदवार उतारना चाह रही थी, लेकिन भाजपा दोनों सीट छोड़ने के लिए तैयार नहीं थी, क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में उसने राज्य की सभी 10 सीट पर जीत हासिल की थी। दुष्यंत चौटाला ने सोमवार को भाजपा अध्यक्ष नड्डा के साथ सीटों के बंटवारे के सिलसिले में बातचीत भी की थी, लेकिन संभवतः वह विफल रही।

**क्या है राज्य के विधानसभा का गणित**-90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में भाजपा के 41 विधायक और जजपा के 10 विधायक हैं। इस गठबंधन को सात में से छह निर्दलीय विधायकों का भी समर्थन प्राप्त था। आंकड़ों के लिहाज से, भाजपा सरकार को फिलहाल कोई खतरा नहीं दिख रहा है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के 30 विधायक हैं और इंडियन नेशनल लोकदल तथा हरियाणा लोकहित पार्टी के पास एक-एक सीट है।

**हुड्डा ने की राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग**

जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के हरियाणा अध्यक्ष निशान सिंह ने कहा कि आज की बैठक में सभी मुद्दों पर चर्चा हुई। यह निर्णय लिया गया है कि कल हिसार में नव संकल्प रैली आयोजित की जाएगी और पार्टी ने जो भी बातें तय की हैं, उसकी जानकारी वहां दी जाएगी। वहीं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा ने कहा कि लोगों ने कांग्रेस सरकार बनाने का फैसला कर लिया है। ये (भाजपा-जेजेपी गठबंधन) एक ठगबंधन था। राष्ट्रपति शासन के तहत चुनाव कराए जाने चाहिए।

# नायब सिंह सैनी ने मात्र 11 साल में विधायक, सांसद और मुख्यमंत्री तक का सफर किया तय

Chandigarh/Alive News

नायब सिंह सैनी का जन्म अम्बाला के गांव मीज़ापुर माजरा में 25 जनवरी, 1970 को हुआ था। वो अंबाला जिले के नारायणगढ़ विधानसभा के गांव मिर्जापुर के रहने वाले हैं। नायब सिंह सैनी की उम्र 54 साल है। उन्होंने मेरठ के चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से एलएलबी की पढ़ाई की है। वो एक किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने मुज़फ्फ़रपुर (बिहार) के बी. आर. अम्बेडकर बिहार यूनिवर्सिटी से भी शिक्षा हासिल की।

**नयाब सिंह सैनी का राजनीतिक करियर**

हरियाणा के नए सीएम नायब सिंह सैनी हरियाणा भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से भाजपा के सांसद हैं। वह संसद में श्रम की स्थायी समिति के सदस्य भी हैं। पिछले साल अक्टूबर में उन्हें बीजेपी राज्य प्रमुख नियुक्त किया गया था। वह आरएसएस से भी जुड़े रहे हैं। साल 1996 में नायब सिंह सैनी ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत बीजेपी संगठन में एंट्री के साथ की थी। साल 2000 तक उन्होंने यहां कामकाज किया।



संगठन में वह अलग-अलग पदों पर रहे। साल 2002 में उनको अंबाला में युवा विंग का जिला महासचिव बनाया गया। साल 2005 में वो अंबाला में जिला अध्यक्ष बने। पार्टी के लिए उनके समर्पण भाव को देखते हुए साल 2009 में वो हरियाणा में बीजेपी किसान मोर्चा के राज्य महासचिव बनाए गए। साल 2012 में प्रमोशन के बाद नायब सिंह सैनी को अंबाला बीजेपी जिला अध्यक्ष बनाया गया, इस दौरान उन्होंने अलग-अलग पदों पर सेवाएं दीं।

**साल 2014 में पहली बार बने विधायक**

नायब सिंह सैनी का राजनीतिक करियर तब और चमक उठा, जब वह साल 2014 में पहली बार जिला अंबाला की नारायणगढ़ विधानसभा से विधायक बने। बीजेपी ने उनको टिकट दिया और वह पार्टी के विश्वास पर खड़े भी उतरे। साल 2016 में उनको हरियाणा सरकार में श्रम-रोजगार मंत्री बनाया गया। वह खान और भू-विज्ञान मंत्री और नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री भी रहे। 2019 लोकसभा चुनाव में भी उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी और कांग्रेस प्रत्याशी निर्मल सिंह को 3 लाख 84 हजार 591 वोटों से हराकर जीत हासिल की थी। इस चुनाव में नायब सैनी को 6 लाख 88 हजार 629 वोट मिले थे, वहीं निर्मल सिंह को सिर्फ 3 लाख 84 हजार 591 वोट हासिल हुए थे।

# भाजपा की सरकार में पार्टी के संस्थापक के नाम से बने पार्क की हो रही दुर्दशा

Faridabad/Alive News

बल्लभगढ़ विधानसभा के पंडित दीन दयाल उपाध्याय पार्क की चार दीवारी टूटने से पार्क आवारा मावेशी के साथ साथ असामाजिक तत्वों के लिए जुआ खेलने और शराब पीने का अड्डा बना हुआ है। पार्क में जगह जगह कूड़े का ढेर लगा हुआ है और ग्रील भी टूटी हुई है। भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक के नाम से सेक्टर 23 में बने पार्क की भाजपा सरकार में दयनीय हालत बनी हुई है। हालांकि इस क्षेत्र के विधायक मुलचंद शर्मा हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। सैक्टर के लोगों का कहना है कि पार्क में सैर करना किसी खतरे से खाली नही है।

आवारा पशु और असामाजिक तत्वों के डर से लोगों ने पार्क में घूमना बंद कर दिया है। बीते दिन पार्क में घूमने आई लड़की के साथ छेड़छाड हो चुकी है और इसको लेकर पुलिस को भी बुलाया गया था। इसके बाद भी पुलिस प्रशासन की तरफ से पार्क में सुबह शाम गस्त नही बढ़ाई गई है।



**क्या कहना है स्थानीय लोगों का**

स्थानीय निवासी रोहित वशिष्ट ने बताया कि पार्क में टॉयलेट की सुविधा उपलब्ध नही है। इसके साथ ही उनका कहना है कि पार्क में स्ट्रीट लगी हुई है लेकिन वह जलती नही हैं।

स्थानीय निवासी शिवकुमार ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क असामाजिक तत्वों का पनाहगा बन गया है। यहां पर असामाजिक तत्व शराब पीते हैं और जुआ खेलते हैं जिसकी वजह से महिलाओं का आना जाना भी मुश्किल हो गया है।

स्थानीय निवासी छोटेलाल ने बताया कि पार्क की चारदीवारी जगह-जगह से टूटी हुई है। जिसकी वजह आवारा पशु अंदर घुस जाते हैं और पेड़ पौधे को नुकसान पहुंचाते हैं।

**क्या कहना है अधिकारी का**

कार्यकारी अभियंता ओपी करदम ने बताया कि इस पार्क के नवनीकरण को लेकर टेडर जारी कर दिया गया है। साथ ही उनका कहना है कि पार्क में फाउंटेन, टॉयलेट, पानी व सुरक्षा को लेकर कई सुविधाए उपलब्ध करवाई जाएंगी।




**जीवन में पहली नौकरी का उत्साह जहां मेहनत से मन लगा कर काम करने में मदद करता है, वहीं शुरू-शुरू में थोड़ा बहुत नर्वस होना भी स्वाभाविक है। इस दौरान जहां नियमों में बंध कर अपने कार्य को सुचारु रुप से करना जरूरी है, वहीं बॉस सहित अपने सहकर्मियों से सही तालमेल बिठाना भी अनिवार्य है। कुल मिला कर कार्यक्षेत्र में खुद को काम के अनुसार ढालना एक कला है।**





# फर्स्ट जॉब उम्मीदों और चुनौतियों की शुरुआत

### नई जॉब, नए अनुभव

राघव देसाई 23 साल के हैं। उनकी पहली नौकरी कैम्पस प्लेसमेंट के जरिए लगी। बकौल राघव, 'ऑफिस का वर्क कल्चर काफी अच्छा है। सभी सीनियर काफी मददगार हैं। यहां तक कि उनके द्वारा दी गई सलाह ध्यान से सुनने लायक होती है। ऐसी पॉजिटिव सोच न सिर्फ सीखते रहने के गुण को बनाए रखती है, बल्कि उसे अपना कर अनुभवी व कुशल कर्मी के रूप में आपकी पहचान बनती है।

उधर अपनी 6 माह पुरानी पहली नौकरी के बारे में रीमा झा कहती हैं, 'नए कल्चर व नए लोगों के साथ काम करना जितना रोचक है, उतना ही कठिन भी। शुरुआती दिनों में नए लोगों के साथ एडजस्ट करना मेरे लिए थोड़ा मुश्किल हुआ, लेकिन अब सब ठीक है।' रीमा अपनी इस जॉब से खुश हैं, लेकिन कहती हैं कि जब तक मन लगेगा, तभी तक इसे करेंगी, नहीं तो बदल लेंगी। वहीं कुछ दिन पहले अपनी पहली नौकरी ज्वॉइन करने वाले रवि आर्या कहते हैं, 'मैं फिलहाल जल्दी जॉब नहीं बदलूंगा और कम से कम एक साल तक यहीं काम सीखना चाहूंगा।' पहली नौकरी पाना जहां आपका सपना सच होने जैसा होता है, वहीं कुछ छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

### ब्रांड की जगह रुचि पर ध्यान दें

बड़े ब्रांड की बजाए अपनी रुचि पर ध्यान दें। ऐसा काम करें, जो आपकी रचनात्मकता को रूप दे, फिर चाहे कंपनी बड़ी हो या छोटी। ऐसा भी देखा जाता है कि युवा अपने अभिभावकों या वरिष्ठों की सलाह पर अधिक चलते हैं और विशेषज्ञों की कम, जबकि होना इसका उलटा चाहिए। एक्सपर्ट्स के मुताबिक अगर आपको सीखने का मौका मिल रहा है तो ये काफी है। कुछ लोग पहली जॉब से जरूरत से ज्यादा उम्मीदें पाल लेते हैं, लेकिन ये गलत है। पहली जॉब में आपको कितनी सैलरी मिल रही है, ये बहुत ज्यादा मायने नहीं रखता। कुछ समय अपने काम को समझने में लगाना चाहिए और अपनी स्किल्स को और मजबूत बनाना चाहिए। पहली जॉब एक मकान की बुनियाद की तरह होती है।

### कंपनी को समझने का प्रयास करें

जरूरी है कि जिस कंपनी को आपने अपनी कार्य रुचि के हिसाब से चुना है, उसमें ही काम शुरू करें। एक बड़ी कंपनी में बतौर जनरल मैनेजर काम कर रहे एक शख्स ने बताया कि किस तरह उनके एक मित्र ने खुद को मिसफिट पाने पर पहली नौकरी छोड़ी थी। दरअसल उन्हें लगा था कि वह अपने कार्य के साथ न्याय नहीं कर पा रहे हैं और इसलिए वह संस्थान के लायक नहीं हैं।

### नौकरी बदलने की होड़ में शामिल न हों

अक्सर देखने में आता है कि पहली नौकरी ज्वॉइन करते ही उसे बदलने की होड़-सी लग जाती है। ये आपकी गलतफहमी है कि अगर आप जल्दी-जल्दी कंपनी बदलेंगे तो आपका प्रोफाइल मजबूत होगा। रितेश सिंह जब एक बड़े मीडिया हाउस में इंटरव्यू के लिए गए तो उनसे पूछा गया कि आखिर उन्होंने बीते 5 साल में 7 नौकरियां क्यों बदलीं? पर उनके पास उसका कोई उचित जवाब नहीं था। दरअसल जल्दी-जल्दी जॉब बदलना आपके नेगेटिव प्रोफाइल को बढ़ाता है, इसलिए इससे बचें। अगर आप जल्दी-जल्दी जॉब बदलेंगे तो किसी भी कंपनी में जाने पर सबसे पहले आपकी स्टेबिलिटी पर प्रश्नचिह्न लगेगा। दरअसल आपने किस कम्पनी में कितने समय काम किया और क्या सीखा, ये बहुत मायने रखता है। दरअसल हर कंपनी कर्मचारी की ट्रेनिंग पर अपने रिसोर्स खर्च करती है और अगर आप जल्दी ही कंपनी छोड़ देते हैं तो न तो उन स्किल्स का आप इस्तेमाल कर पाते हैं और न ही वह सब आपकी प्रोफाइल में जुड़ ही पाता है।

### कैंपस सेलेक्शन के फायदे

कुछ लोग यह मानते हैं कि ग्रेजुएशन के बाद सीधे कैम्पस प्लेसमेंट से प्रगति रुक जाती है। करियर में अच्छी उन्नति नहीं मिल पाती। लेकिन ऐसा नहीं है। इसके भी रास्ते हैं। अगर आपने ग्रेजुएशन के बाद जॉब ज्वॉइन की है तो आप पोस्ट ग्रेजुएशन करके अच्छी पदोन्नति पा सकते हैं, क्योंकि आजकल ऐसा करना आम बात हो चुकी है। कुछ कम्पनियां तो अपने कर्मचारियों के लिए कई तरह के शैक्षिक प्रोग्राम भी चलाती हैं, ताकि आप कमाई के साथ-साथ पढ़ाई भी कर सकें। एक सर्वे में देश भर के एक हजार से अधिक सीईओ के विचार जाने गए, जिससे पता चला कि 80 प्रतिशत सीईओ अपनी पहली नौकरी में करीब पांच वर्ष टिके रहे थे। इस अध्ययन से यह भी पता चलता है कि पहली नौकरी किस तरह आपके करियर की बुनियाद मजबूत करने के लिए जरूरी होती है। यदि आप पहली नौकरी में लंबा समय गुजारते हैं तो कहीं भी सफलतापूर्वक काम कर सकते हैं, इसलिए विशेषज्ञों का मानना है कि एक सफल शुरुआत से आधा लक्ष्य पूरा हो जाता है। हालांकि एक अच्छी शुरुआत के लिए कई बातों को दिमाग में रखना होता है।

### अनुशासनहीनता न हो

कुछ वरिष्ठ मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स का मानना है कि कंपनियां फ्रेशर्स को काम के जरूरी हुनर सीखने का पूरा मौका देती हैं। इसके बावजूद अगर वह जरूरी काम नहीं सीख पाते तो भी चिंता की बात नहीं होती। लेकिन याद रखना चाहिए कि अनुशासनहीनता, झूठ, गलत व्यवहार आदि को कहीं भी बर्दाश्त नहीं किया जाता।



# सॉफ्टवेयर डेवलपर फिल्ड में करियर की नई संभावनाएं

**जिस तरह से इंटरनेट दुनिया का विस्तार हो रहा है, माना जा रहा है कि आने वाले समय में कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर डेवलपर की काफी डिमांड होगी।**



टेक्नोलॉजी और कम्प्यूटर, दोनों को मिलाकर तैयार सॉफ्टवेयर डेवलपर का फील्ड आने वाले समय में और विस्तृत होगा और करियर की नई संभावनाओं को सामने लाएगा. इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी ने समाज में जबर्दस्त बदलाव लाने का काम किया है क्योंकि इसके जरिए कम्युनिकेशन सेक्टर, इंटरनेट एक्सेस प्वांइट, इंटरनेट सिस्टम को नई दिशा मिली है. जिस तरह से इंटरनेट दुनिया का विस्तार हो रहा है, माना जा रहा है कि आने वाले समय में कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर डेवलपर की काफी डिमांड होगी. मालूम हो, सॉफ्टवेयर डेवलपर वह शख्स होता है जो ग्राहकों की जरूरतों के मुताबिक कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग या एप्लीकेशन डेवलप करता है.

**शिक्षा-** सॉफ्टवेयर डेवलपर बनने के लिए आपके पास कम्प्यूटर साइंस, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग सहित इसके समकक्ष विषयों में बैचलर डिग्री होनी चाहिए. अभ्यर्थी के पास गणित की डिग्री काफी मायने रखती है क्योंकि सॉफ्टवेयर की प्रोग्रामिंग में गणित का इस्तेमाल काफी अहम है.

# इंटीरियर डिजाइनर सजाते हैं घर और दफ्तर



घर हो या दफ्तर, हर जगह अगर मेरी छाप दिख सके तो बात बन जाए। शायद आज हर व्यक्ति कुछ इसी तर्ज पर सोचता है। इस सोच को पूरा करने और अपने घर और दफ्तर को मन-मुताबिक सजाने के लिए हमें एक प्रोफेशनल की जरूरत पड़ती है। ये प्रोफेशनल कहलाते हैं इंटीरियर डिजाइनर, जो अपनी कला और हमारी पसंद को मिला कर जगह को एक नया रूप देते हैं। बतौर इंटीरियर डिजाइनर, आपको प्रबंधन की कला के अलावा एक्सक्लूसिव फर्नीचर, आर्ट पीसेज और फर्निशिंग के बारे में प्रशिक्षण दिया जाता है।

### इंटीरियर डिजाइनर का काम

एक इंटीरियर डिजाइनर का काम उपलब्ध जगह का अधिकाधिक इस्तेमाल करना है। साथ ही जगह को अपने क्लाइंट की पसंद और उसके बजट को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक व्यावहारिक बनाना भी है। वह नए-पुराने घर-दफ्तर, होटल-रेस्तरां, स्टूडियो आदि को लोगों की पसंद के मुताबिक तैयार करता है। आमतौर पर इंटीरियर डिजाइनर दीवारों और छतों के किसी भी ढांचे को सजाने का काम करता है, जिसमें वे फर्निशिंग यानी पर्दे, टेबल कवर, बेड कवर, सोफा कवर आदि के साथ फर्नीचर और घर में लाइट का प्रबंध करता है। यह प्रबंध सिर्फ देखने में ही नहीं, बल्कि रहने के लिहाज से भी व्यावहारिक होता है। आपकी किचन में कितने ड्रॉर होंगे, गैस के साथ चिमनी लगनी चाहिए या वेंटिलेशन का कोई और तरीका हो, इन सब मुद्दों पर भी वे मदद करता है। घर में हर कमरे के लिए अलग रंग, अलग फर्निशिंग्स व फर्नीचर को चुनने में वह सहायता करता है।

**अगर आप क्रिएटिव हैं, मेहनत से मुंह नहीं मोड़ते और नए कॉन्सेप्ट के लिए हमेशा तैयार रहते हैं तो बतौर इंटीरियर डिजाइनर आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। अच्छे इंटीरियर डिजाइनर्स की मांग दिनोंदिन बढ़ रही है।**

### कैसे करें शुरुआत

इंटीरियर डिजाइनिंग में कई संस्थान डिप्लोमा कोर्स मुहैया करा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों के लिए आप 12वीं के बाद आवेदन कर सकते हैं। इनमें प्रवेश के लिए कई संस्थान प्रवेश परीक्षा के साथ आपकी ड्राइंग की कला भी आंकते हैं। बेहतर रहेगा कि आप अपनी रचनात्मकता दिखाने के लिए एक पोर्टफोलियो तैयार करें, जिसे आप संस्थान की ओर से आयोजित इंटरव्यू के दौरान दिखा सकते हैं। आप विभिन्न पॉलिटेक्निक या निजी संस्थानों से इस कोर्स के लिए अधिक जानकारी हासिल कर सकते हैं। इसके अलावा कई नामी-गिरामी संस्थान व विश्वविद्यालय, खासकर डिजाइनिंग से जुड़े हुए, अपने यहां छात्रों को 4 वर्ष का डिग्री कोर्स भी मुहैया कराते हैं, जिसमें वे डिजाइनिंग के विभिन्न पहलुओं के साथ क्राफ्टमैनशिप की भी कुछ जानकारी अपने छात्रों को देते हैं। इसके अलावा आप किसी अन्य विषय में ग्रेजुएशन करने के बाद भी इस प्रोफेशन को अपना सकते हैं। आमतौर पर कला या विज्ञान विषयों में ग्रेजुएशन करने के बाद छात्र पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा के जरिये इंटीरियर डिजाइनिंग की विभिन्न शाखाओं जैसे रेजिडेंशियल डिजाइनिंग, बिजनेस डिजाइनिंग या लैंडस्केप डिजाइनिंग में स्पेशलाइजेशन हासिल करते हैं।

### क्या हों खूबियां

अगर आपमें रचनात्मकता है और अधिक से अधिक लोगों के साथ मिल कर नई-नई चुनौतियों का मुकाबला करना चाहते हैं तो इंटीरियर डिजाइनिंग आपके लिए एक अच्छा करियर विकल्प हो सकता है।

आप किसी भी विषय की जानकारी के बाद यह पाठ्यक्रम पढ़ सकते हैं, लेकिन अगर आपको कला के अलावा डेकोरेटिव सामान, घर में इस्तेमाल होने वाले उत्पादों और आर्किटेक्चर की मूलभूत जानकारी है तो आपके लिए डिजाइनिंग की राह और आसान हो जाएगी। इसके साथ ही अपने करियर को सफल बनाने के लिए आपको बातचीत की कला के साथ ही सुनने की कला भी आनी चाहिए। अगर आप थोड़ी मेहनत और हर बार नए कॉन्सेप्ट के लिए तैयार हैं तो यहां आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। साथ ही आप में फैशन, परंपरा और संस्कृतियों को समझने की क्षमता होनी चाहिए, ताकि आप क्लाइंट की पसंद को अपनी रचनात्मकता से साकार रूप दे सकें।

**पाठ्यक्रम** – एमबीए इंटीरियर डिजाइन, एम.एससी. इंटीरियर डिजाइन, बी.एससी. इंटीरियर डिजाइन, बी.ए. ऑनर्स इंटीरियर आर्किटेक्चर एंड डिजाइन, बी.ए. इंटीरियर डिजाइन, पी.जी. डिप्लोमा इन इंटीरियर डिजाइन एंड स्टाइल, डिप्लोमा इन स्टाइलिंग फॉर इंटीरियर्स, डिप्लोमा इन इंटीरियर डिजाइन, डिप्लोमा इन इंटीरियर डेकोरेशन एंड डिजाइन

**फीस** – किसी भी अच्छे निजी संस्थान से इंटीरियर डिजाइनिंग में डिप्लोमा कोर्स की सालाना फीस लगभग दो से तीन लाख रुपये तक हो सकती है। वहीं पॉलिटेक्निक्स सरकार द्वारा तय नियम एवं शर्तों के मुताबिक फीस लेते हैं। फीस व स्कॉलरशिप संबंधित अधिक जानकारी के लिए संबंधित संस्थान से संपर्क करें।

**वेतन** – इंटीरियर डिजाइनिंग में दो वर्षीय डिप्लोमा करने के बाद कोई भी छात्र किसी बड़ी कंपनी या डिजाइनर के यहां बतौर इंटर्न 20 हजार रुपये प्रतिमाह तक कमा सकता है। अनुभव के साथ आपकी आय की कोई सीमा नहीं है। बड़े डिजाइनर एक से दो रूम के लिए दो से तीन लाख रुपये बतौर कंसल्टेंसी मांग लेते हैं।



## नफा-नुकसान

- मेहनत के साथ इस क्षेत्र में शोहरत व पैसा कमाना मुश्किल नहीं है
- यहां कई जान-मानी हस्तियों के लिए काम करने का मौका मिल सकता है
- कई बार काम पूरा करने के चलते रात को देर तक या सुबह-सुबह काम करना पड़ सकता है
- इंटीरियर डिजाइनिंग का काम काफी थका देने वाला है, जिसमें कई स्तर के अलग-अलग लोगों से मिलना व उनसे काम निकलवाना पड़ता है



# रेलवे स्टेशन पर एयरपोर्ट की तर्ज़ पर किया जा रहा है पुनर्विकास : केंद्रीय राज्यमंत्री

Faridabad/Alive News

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश भर के रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास लिए परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसी कड़ी में बल्लबगढ़ रेलवे स्टेशन का भी पुनर्विकास किया गया। जिसके लिए लगभग 33 करोड़ की धनराशि खर्च की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बल्लबगढ़ रेलवे स्टेशन पर भारत सरकार के भारी उद्योग और उर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने शिरकत की। जहां उन्होंने रेलवे स्टेशन पुनर्निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना कार्यक्रम के तहत फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र में आज 767.33 करोड़ रुपये की धनराशि की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया है। भारत सरकार के भारी उद्योग और उर्जा विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि भारतीय रेलवे की महत्वाकांक्षी अमृतकाल भारत योजना के तहत 262 करोड़ रूपये की लागत से




फरीदाबाद स्टेशन का एयरपोर्ट की तर्ज़ पुनर्विकास का कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि आज रेलवे स्टशनों पुनर्विकास कार्यों की कुल लागत 129.22 करोड़ रुपये की धनराशि से बल्लबगढ़ रेलवे स्टेशन में विकास कार्य 48.95 करोड़ रुपये की लागत से किया जायेगा। वहीं फरीदाबाद न्यू टाउन रेलवे स्टेशन में पुनर्विकास कार्य 34.88 करोड़ रुपये की लागत से किया जायेगा। पलवल रेलवे स्टेशन में पूनर्विकास कार्य 45.39 करोड़ रूपये की लागत से किया जायेगा।

केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र में रेलवे ओवर ब्रिजो पर कुल लागत 376.11 करोड रूपये की धनराशि खर्च की जाएगी। इनमें दिल्ली-पलवल रेल खंड पर 579 ए सराय फाटक फरीदाबाद के स्थान पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण 69.06 करोड़ रुपये से किया जायेगा। दिल्ली-पलवल रेल खंड पर 576 वाईएमसीए से मुजेसर सड़क पर फाटक के स्थान पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण 51.38 करोड रुपये से किया जायेगा। नई दिल्ली- पलवल खंड पर 571 सीकरी से प्याला सड़क पर फाटक के स्थान पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण 35.67 करोड रुपये से किया जायेगा। नई दिल्ली-पलवल रेल खंड पर 568 बघोला से जनोली से सड़क पर फाटक के स्थान पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण 36.34 करोड रुपये से किया जायेगा । वहीं मथुरा-पलवल रेल खंड पर 556 ए, बनचारी से डकोरा सड़क पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण 43.90 करोड रूपये से किया जायेगा। मथुरा-पलवल रेल खंड पर 560, औरंगाबाद से दिघोट सड़क पर के बीच रोड ओवर ब्रिज का निर्माण 43.10 करोड रूपये से किया जायेगा। मथुरा-पलवल रेल खंड पर 561, बामनीखेडा से हसनपुर सड़क पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण 48.88 करोड से तैयार किया जा चुका है। जिसको आज जनता को समर्पित किया जा रहा है। आगरा-पलवल रेल खंड पर 564, पलवल से रसूलपुर सड़क पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण 47.78 करोड से तैयार किया जा चुका है। जिसको आज जनता को समर्पित किया जा रहा है। रोड ओवर ब्रिज कुल लागत 206 से 216 करोड़ रुपये की धनराशि नेशनल हाईवे पर खर्च की जा रही है। इनमें मुख्य रूप से नेशनल हाईवे -19 पर बल्लबगढ़ में मण्डी से जेसीबी तक लगभग 100 करोड़ की लागत से रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण किया जायेगा। जिसका हरियाणा विधान सभा के सैशन के तुरंत बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। नेशनल हाईवे -19 पर मित्रोल गांव में व्हीकल अंडर पास का निर्माण लगभग 55-60 करोड़ रुपये से किया जायेगा जिसका शुभारंभ आज किया जा रहा है। नेशनल हाईवे -19 पर मुडकटी गांव में व्हीकल अंडर पास का निर्माण लगभग 30-35 करोड़ रुपये से निर्माण किया जायेगा जिसका शुभारंभ आज किया जा रहा है। नेशनल हाईवे -19 पर बघौला में लगभग 21 करोड़ की लागत से रेलये ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि अमृत स्टेशन योजना के तहत दिल्ली के तिलक ब्रिज स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य किया जा रहा है। शहरों के बढ़ते आकार और महत्व व यात्री क्षमता को देखते हुए रेलवे द्वारा यहाँ यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिये अनेक कार्य किये जा रहे हैं। स्टेशनों पर सुगम रेल सुविधाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए भविष्यगामी परिस्थितियों को ध्यान में रखकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की तैयारी की गई है। इसी क्रम में रेलवे स्टेशनों को आगामी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर अमृत स्टेशन के तहत विकसित किया जा रहा है, जिसमें आधुनिकता और विरासत का समावेश किया जाएगा। स्टेशन की बिल्डिंग को बेहतर बनाया जाएगा, जिसमें विभिन्न तरह की यात्री सुविधाएं विकसित की जायेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

## अपोलो हॉस्पिटल के सहयोग से मानव सेवा समिति ने लगाया निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप

Faridabad/Alive News

सहयोग से मानव सेवा समिति व रोटरी क्लब ग्रेस ने मानव भवन सेक्टर 10 पर एक निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप लगाया, जिसमें 181 लोगों के ईसीजी, शुगर,बीएमडी, हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर की निशुल्क जांच की गई।




कैंप की मुख्य संयोजक राखी वर्मा व मुख्य प्रबंधक संजीव शर्मा के नेतृत्व में लगाए गए इस कैंप में अपोलो हॉस्पिटल दिल्ली के प्रमुख कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर गौतम नाइक व डॉ.भूपेंद्र, डॉ.रवि, डॉ.सोनाक्षी,डॉ अश्विनी कुमार, डा.के एम पूजा, डॉ.अश्विनी कुमार ने स्वास्थ्य चर्चा के तहत हृदय, हड्डी, दांत, नाक कान गला,सांस,जुकाम,खांसी रोग के कारण,बचाव व खानपान के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की और उचित परामर्श देकर इलाज किया। समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, रोटरी क्लब ग्रेस के अध्यक्ष संजीव शर्मा व मुख्य संयोजक राखी वर्मा ने सभी डॉक्टरों को सम्मान पट्टिका पहनाकर, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## खेल परिसर में खिलाड़ियों के लिए तीरंदाजी रेंज का किया डीसी ने लोकार्पण

Faridabad/Alive News

सोमवार को सेक्टर-12 के खेल परिसर में डीसी विक्रम सिंह ने तीरंदाजी रेंज का लोकार्पण किया। लोकार्पण के दौरान एडीसी आनंद शर्मा, जिला खेल अधिकारी देवेंद्र गुलिया, प्रोजेक्ट इंजीनियर धर्मवीर गुप्ता, पीडब्लूडी बीएण्डआर विभाग के कार्यकारी अभियंता प्रदीप सिंधु सहित खेल विभाग के अन्य



अधिकारी तथा खेल प्रेमी उपस्थित रहे। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला खेल परिसर में दो तीरंदाजी रेंजों का लोकार्पण किया गया है। इसमें 50 मीटर की पहली और 70 मीटर की दूसरी रेंज है। इन दोनों आर्चरी रेंजों के खेल मैदान को तैयार करने पर 28 लाख 21 हजार रुपए की धनराशि खर्च आया है। इसका निर्माण एडीसी कार्यालय के निर्माण केंद्र द्वारा किया गया है। डीसी ने नन्हे खिलाड़ी बच्चों के हाथों नारियल तुड़वाकर तीरंदाजी रेंज का शुभारंभ करवाया। वहीं, एथलेटिक्स और जिमनास्टिक की महिला खिलाड़ियों तथा फुटबॉल के खिलाड़ियों से खेल व उनकी जरूरतों के बारे में बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास जिला फरीदाबाद में किया जा रहा है ताकि यहां से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकले। वहीं डीसी खेल विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि खिलाड़ियों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान करें।

## नागरिक अस्पताल में जल्द शुरु होंगी एमआरआई और सिटी स्कैन सुविधा : नैना चौटाला



Bhiwani/Alive News

बाढ़डा विधायक नैना सिंह चौटाला ने हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में जिले की स्वास्थ्य सेवा में इजाफे की मांग रखी। विस सत्र में बोलते हुए विधायक नैना सिंह चौटाला ने कहा की दादरी जिले के 30 उपस्वास्थ्य केंद्रों के हालात बहुत खराब है। काफी समय से खंडर घोषित किए गए इन स्वास्थ्य केंद्र पुनर्निर्माण की प्रक्रिया को अभी तक शुरू नहीं किया गया है। विधायक नैना सिंह चौटाला ने विधानसभा में अपनी बात रखते हुए कहा कि दादरी जिले के नागरिक अस्पताल में जन औषधि केंद्र स्थापित करवाया जाए। ताकि आमजन को सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां मिल सके। विधायक नैना सिंह चौटाला ने दादरी के नागरिक अस्पताल में सिटी स्कैन और एमआरआई की सुविधा भी जल्द शुरू करवाने की मांग रखी। इसके साथ-साथ एक अतिरिक्त एक्स-रे मशीन भी नागरिक अस्पताल में स्थापित करने की मांग भी विस सत्र में उठाई गई। विधायक नैना सिंह चौटाला के सवाल के जवाब देते हुए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा की दादरी नागरिक अस्पताल में जन औषधि केंद्र आगामी तीन माह में स्थापित करवा दिया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने विधायक नैना चौटाला को विस में जवाब देते हुए कहा की दादरी के नागरिक अस्पताल में सिटी स्कैन और एमआरआई सुविधा शुरू करने के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी कर दी गई है। जल्द ही नागरिक अस्पताल में यह लाभकारी सुविधाएं शुरू हो जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने दादरी जिले के खस्ताहाल उपस्वास्थ्य केंद्रो का प्राथमिकता के आधार पर पुनर्निर्माण करवाने का भरोसा दिलाया। इसके साथ-साथ दादरी में ब्लड बैंक शुरू करने के लिए के सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारत सरकार से दादरी ब्लड बैंक के लाइसेंस के लिए आवेदन कर दिया गया है। आगामी 4 महीने के अंदर-अंदर दादरी में ब्लड बैंक शुरू हो जाएगा।

## प्रधानमंत्री द्वारा 41 हजार करोड़ रुपये की लागत से देशभर के 554 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प

Faridabad/Alive News

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 41 हजार करोड़ रुपये की लागत से देशभर के 554 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प और 1500 रोड ओवर ब्रिज का शिलान्यास, उदघाटन व राष्ट्र को समर्पित किया गया। इसी योजना के तहत फरीदाबाद जिले की बड़खल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गुरुकुल रेलवे फाटक पर बनने वाले रेलवे ओवर ब्रिज का शिलान्यास आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। गुरुकुल रेलवे ओवरब्रिज के लिए जमीन एक्वायर करने व इसके निर्माण पर करीब 73 करोड़ रुपये की लागत लागत आएगी। बड़खल विधानसभा क्षेत्र में उक्त विकास कार्यों का तोहफा देने पर स्थानीय विधायक सीमा त्रिखा ने क्षेत्रवासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। हाल ही में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने लकड़पुर रेलवे फाटक पर फुट ओवरब्रिज का उदघाटन किया था, जिसकी मांग स्थानीय विधायक सीमा त्रिखा ने 7 जून 2015 को बड़खल क्षेत्र में हुई आयोजित रैली में मुख्यमंत्री के समक्ष रखी थी। लकड़पुर रेलवे फाटक पर फुटओवर ब्रिज व गुरुकुल रेलवे फाटक पर अंडरपास बनाने की मांग यहां के निवासी पिछले करीब पचास सालों से कर रहे थे, जिसे अब मुख्यमंत्री खट्टर व प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पूरा कर दिया गया। इसके लिए क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री का उक्त विकास कार्यों को धरातल पर उतारने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया है। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि रोड ओवर ब्रिज व अंडरपास का निर्माण हो जाने से जहां सड़क एवं रेल यातायात का बाधा रहित आवागमन हो सकेगा वहीं स्थानीय निवासियों को रेल लाइन के दोनों तरफ आने-जाने की सुरक्षित व सुगम सुविधा मिलेगी व



यातायात समय में भी भारी कमी आयेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में यह प्रथा रही थी कि रेलवे का अधिकतम बजट रेल मंत्री के क्षेत्र अथवा उनके राज्यों में खर्च होता था, जिससे हरियाणा जैसे राज्य अछूते रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सोच को बदलते हुए देश में रेलवे के विकास को समान रूप से आगे बढ़ाया है। आज हरियाणा में करीब 20 हजार करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इस अवसर पर रेलवे के आला अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## फरीदाबाद नगर निगम में उत्तम नगर को बना दिया नरकः धर्मवीर भड़ाना

Faridabad/Alive News

फरीदाबाद को नरक बनाने में नगर निगम का बहुत बड़ा योगदान है। इस विभाग के अधिकारी भ्रष्टाचार करने में रिकॉर्ड पर रिकॉर्ड बनाते जा रहे हैं और फरीदाबाद को पूरी तरह से नरक बनाते जा रहे हैं। यह विचार आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने उत्तम नगर एनआईटी-86 फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर पहुंचे क्षेत्र वासियों के साथ निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन करते वक्त व्यक्त किए। धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि लगभग 5 महीने पहले उत्तम नगर की समस्याओं को लेकर आम आदमी पार्टी और क्षेत्रीय लोगों ने नगर निगम मुख्यालय पर बड़ा प्रदर्शन किया था। उस समय वर्तमान अधिकारियों ने उत्तम नगर का दौरा किया था और वहां की समस्याओं को तुरंत दूर करने का वादा किया था। 5 महीने से ज्यादा हो गए वहां की समस्या अब भी वैसी ही है निगम के अधिकारी कुंभकरण जैसी नींद में सो रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तम नगर के कई घरों में सीवर का पानी घुसा हुआ है और लोग सीवर का ही पानी पीने के लिए मजबूर है। सड़क पर भी सीवर का पानी भरा हुआ है और लोग पैदल तक नहीं चल सकते। क्षेत्र के बच्चे



स्कूल तक नहीं जा पा रहे हैं। पानी निकासी को लेकर रोज आपस में लड़ाइयां हो रही है। उन्होंने बताया कि कई सालों से यह समस्या है क्षेत्र के विधायक भी लोगों को सौतेला समझते हैं। पूर्व विधायक भी नहीं जाते वहां और क्षेत्र के सैकड़ो लोग नरकीय जीवन जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द उत्तम नगर की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आम आदमी पार्टी निगम मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करेगी। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा, जिला सचिव मेहरचंद हरसाना, बिजेंद्र डागर, सत्यनारायण, रूपचंद, ओंकार, ब्रह्म भाटी, देवेंद्र शर्मा, पवन खटाना, सरोज वीरवती, सीता सहित उत्तम नगर के कई दर्जन लोग मौजूद थे।

## फरीदाबाद में संगीतमय बांसुरी कार्यक्रम ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया

Faridabad/Alive News

सेक्टर 37 के इस्कॉन मंदिर का शांत वातावरण बांसुरी की मनमोहक धुनों से भर गया, जब तीन प्रतिष्ठित कलाकार एक मंत्रमुग्ध संगीत समारोह के लिए मंच पर आए। 500 से अधिक समर्पित भक्तगण मन को झकझोर देने वाली धुनों और आध्यात्मिक माहौल में डूबने के लिए एकत्र हुए। शाम के प्रदर्शन का नेतृत्व डॉ. भद्र रूपा दास ने किया, जो एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी, संगीत और आध्यात्मिकता की दुनिया की एक प्रतिष्ठित हस्ती हैं। यूके, यूएसए, जापान, स्वीडन और ऑस्ट्रेलिया सहित विभिन्न देशों के राष्ट्रीय बांसुरी संघ द्वारा दुनिया के सबसे प्रतिभाशाली बांसुरीवादक के रूप में प्रशंसित डॉ. भद्र रूपा दास ने बांसुरी की अपनी अद्वितीय महारत से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। न्यूयॉर्क और जिनेवा (स्विट्जरलैंड) के मुख्यालय में 'कीर्तन' में संयुक्त राष्ट्र के राजदूत के रूप में उनका योगदान, साथ ही जिनेवा विश्वविद्यालय में शैक्षिक विज्ञान में प्रोफेसर के रूप में उनकी भूमिका, संगीत और शिक्षा दोनों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित



करती है। सोनी म्यूजिक रिकॉर्डिंग कलाकार, डॉ. भद्र रूपा दास को आधिकारिक तौर पर प्रतिष्ठित इस्कॉन यूरोपीय उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, जिससे इस क्षेत्र में एक प्रसिद्ध व्यक्ति के रूप में उनकी स्थिति और मजबूत हो गई है।

डॉ. भद्र रूपा दास के साथ दो अन्य प्रतिष्ठित कलाकार भी शामिल हुए, जिनमें से प्रत्येक मंच पर अपनी अनूठी प्रतिभा और भक्ति लेकर आए। भक्तियोग में एक दशक से अधिक समर्पित अभ्यास के साथ, नदिया मणि देवी दासी ने कई कीर्तन और हरिनाम संकीर्तन का नेतृत्व किया है, जो पूरे रूस और भारत में प्रेम और आध्यात्मिकता का संदेश फैला रही हैं। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने शाम की संगीत यात्रा में और गहराई जोड़ दी, जिसने उपस्थित सभी लोगों के दिलों को छू लिया। इसके अतिरिक्त, इस्कॉन समुदाय के एक प्रतिष्ठित व्यक्ति, महामहिम महात्मा दास प्रभुजी ने अपनी संगीतमय प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने गहन ज्ञान और भक्ति को साझा किया। इस्कॉन के भीतर पांच दशकों से अधिक की यात्रा के साथ, महात्मा दास प्रभुजी ने मंदिर अध्यक्ष, पुस्तक वितरक, संकीर्तन नेता और कॉलेज प्रचारक सहित विभिन्न भूमिकाओं में काम किया है। भक्ति पर उनके रिकॉर्ड किए गए संगीत और ज्ञानवर्धक सेमिनारों ने व्यापक प्रशंसा अर्जित की है, जिससे वे दुनिया भर में भक्तों के बीच एक प्रिय व्यक्ति बन गए हैं।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सराय के राजकीय स्कूल में सांईस प्रदर्शनी का आयोजन



Faridabad/Alive News

सराय के राजकीय आदर्श माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सांईस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सांईस प्रदर्शनी में अमन प्रजापति, अंजलि, कृतिका, खुशी, नंदिनी, रितिका, किरण, सिमरन एवं अध्यापक अजय गर्ग सहित अन्य अध्यापकों ने विशेष योगदान दिया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल का अवलोकन करते हुए कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस रामन प्रभाव के आविष्कार के संदर्भ में मनाया जाता है। इस आविष्कार की घोषणा भारतीय वैज्ञानिक सर चन्द्रशेखर वेंकटरामन ने 28 फरवरी 1928 को की थी। इस आविष्कार के लिए उन्हें 1930 में नोबल पुरस्कार प्रदान किया गया था। 2024 के राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का थीम विकसित भारत के लिए भारतीय स्वदेशी प्रौद्योगिकी रखी गई है। प्रधानाचार्य ने सभी अध्यापकों एवम विद्यार्थियों का सुंदर अभिव्यक्ति के लिए उत्साहवर्धन करते हुए नवाचार द्वारा नई खोज करने के लिए प्रेरित किया।

## अंबाला में एसवाईएल पर पुल का काम 85 प्रतिशत पूरा : डिप्टी सीएम

Chandigarh/Alive News

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि अम्बाला जिले में तीन नए पुलों का निर्माण एनएच-152 (अम्बाला हिसार रोड) से गांव खैरा तक लिंक रोड पर एसवाईएल नहर, एसवाईएल नहर नरवाना ब्रांच और समानांतर नाले पर किया जा रहा है। उन्होंने यहां विधानसभा बजट सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब देते हुए बताया कि एसवाईएल नहर पर पुल का 85 फीसदी काम पूरा हो चूका है। उन्होंने कहा कि एजेंसी के साथ चल रहे मुकदमे के कारण शेष कार्य रुका हुआ है इसलिए अब एजेंसी का अनुबंध समाप्त कर दिया गया है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि शेष कार्य की निविदा आमंत्रित की जा रही है और यह कार्य 30 सितम्बर 2024 तक पूरा होने की सम्भावना है। इनके अलावा नरवाना शाखा और समानांतर नाले पर पुल का कार्य पूरा हो चुका है।

**पानीपत में उद्योगों के हित में कॉमन बॉयलर लगाने के प्रयास जारी**

सदन में एक अन्य सदस्य सवाल के जवाब में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि पानीपत के उद्योगों को लाभकारी बनाने के लिए कॉमन बॉयलर लगाने का सरकार विचार कर रही है। उन्होंने बताया कि एचएसआईआईडीसी ने पानीपत में सामान्य बॉयलर की फिजिबिलिटी अध्ययन के दोबारा आंकलन के लिए आईआईटी कानपुर को नियुक्त किया है। दुष्यंत चौटाला ने आगे यह भी बताया कि सर्दियों के मौसम में उच्च प्रदूषण स्तर के दौरान एनसीआर में औद्योगिक संचालन को ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी), के तहत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों सीएक्यूएम, के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्देशों के अनुसार विनियमित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अनुमोदित ईंधन का उपयोग करके बॉयलरों के संचालन पर कोई प्रतिबंध नहीं है, बशर्ते उत्सर्जन सहित अन्य सभी लागू पर्यावरणीय मानदंडों का अनुपालन किया जाए।

**मोरनी में लैंड मैपिंग के बाद होगा सेटलमेंट का काम**-एक अन्य सदस्य के सवाल के जवाब में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि कालका के मोरनी ब्लॉक में जमीन मैपिंग का कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण मैपिंग के कार्य में समय लग रहा है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सरकार ने कई बार सर्वे करने का प्रयास किया है, यहां तक कि ड्रोन से भी कोशिश की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने लैंड मैपिंग के लिए करीब 300 नए रोवर्स खरीदे है। ऐसे में लैंड मैपिंग के बाद ही सेटलमेंट (बंदोबस्त) की दिशा में काम किया जाएगा।

## बाबा बरफानी युग निर्माण मंच की महाशिवरात्री पूजा में उपमुख्यमंत्री ने लिया भाग

Faridabad/Alive News

60 फुट रोड पर्वतीय कॉलोनी में बाबा बरफानी युग निर्माण मंच द्वारा महाशिवरात्रि पर्व का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला पहुंचे। उपमुख्यमंत्री ने मंदिरों के प्रधान एंव पुजारियों के साथ मंच पर पूजा अर्चना की। कारर्यक्रम के आयोजक एवं जेजेपी नेता नंदराम पाहिल, दर्शनलाल कुकरेजा, कमलजीत और रतनलाल ने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को गदा और शिव की बड़ी फोटो भेट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में संदीप राय ने भव्य तरीके से मंच का संचालन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुष्यंत चौटाला ने महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी और भगवान शंकर की महिमा का गुणगान किया कार्यक्रम में पूर्व विधायक नागेन्द्र भड़ाना ने शिव बारात की झाकियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें कि सभी मंदिरो ने अपनी झाकियों को भी शामिल किया।

शिव बारात की शोभायात्रा में एनआइटी फरीदाबाद के सभी मंदिरो ने अपनी झाकियों के साथ भाग लिया। शोभायात्रा डबूआ चौक से होते हुए प्याली चौक, सारन चौक, गुरुद्वारा रोड, कुमाउ मंदिर रोड से होते हुए 60 फुट रोड पर समाप्न हुआ। इससे पहले कार्यक्रम में शिक्षा मंदिर हाई स्कूल के बच्चों ने शिव विवाह, कर्मभूमि इंग्लिश



मीडियम स्कूल के बच्चों ने गढ़वाली डांस, कर्मभूमि मेन ब्रांच के बच्चों ने शिव तांडव और एनवीएम स्कूल के बच्चों ने बेटी बचाओ पर अपनी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के ओायजक नंदराम पाहील ने कार्यक्रम में आए सभी मंदिरो के प्रधान ,व्यापारियों , समाजसेवियों और शिक्षाविदों का फूल मालाओ और भगवान शिव का पटका पहनाकर अभिनंदन किया। बाबा बर्फानी युग निरर्माण मंच के अध्यक्ष रतनलाल जेजेपी नेता कमलजीत और दर्शनलाल कुकरेजा ने कार्यक्रम में आए हुए सभी श्रद्धालुओं का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर हल का अध्यक्ष हाजी करामत अली, बीएसपी नेता इकराम खान, शिक्षाविद सतीश फोगाट, शिक्षाविद राजीव बतराऔर रवि मित्तल सहित सैकड़ो गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बदलते, बिगड़ते मौसम पर लिखने वाले पत्रकारों को अधिक प्रशिक्षण की जरूरत



तिलक राज शर्मा
संपादक

साल-दर-साल बढ़ती तपिश मीडिया के लिए भी खबरों का एक प्रमुख विषय बन चुकी है। एक अध्ययन के मुताबिक खास तौर पर भाषायी प्रकाशनों में काम कर रहे पत्रकारों को इस गूढ़ विषय के बारे में और प्रशिक्षित करने की जरूरत है।

ब्रिटेन के स्कूल ऑफ़ जियोग्राफी एंड द एनवायरनमेंट के विशेषज्ञ जेम्स पेंटर, ऑस्ट्रेलिया स्थित क्वींसलैंड यूनिवर्सिटी के जगदीश ठाकेर और क्लाइमेट ट्रेंड्स की विनम्रता बोरवंकर, गुंजन जैन और कार्तिकी नेगी द्वारा लिखित इस रिपोर्ट में वर्ष 2022 के मार्च से लेकर में महीने तक अंग्रेजी, हिंदी, मराठी और तेलुगू अखबारों, पत्रिकाओं और अन्य प्रकाशनों में हीटवेव की कवरेज का मूल्यांकन किया गया है।

पेंटर ने आज एक वेबिनार में इस रिपोर्ट को जारी करते हुए बताया कि अध्ययन में यह पाया गया है कि अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित ज्यादातर खबरों में जलवायु परिवर्तन और हीट वेव के बीच रिश्तो को सटीक तरीके से रिपोर्ट किया गया है। इनमें से 70त्न से ज्यादा लेखों में जलवायु परिवर्तन को वर्ष 2022 में हीट वेव को और भी ज्यादा तपिश भरी तथा बार-बार आने वाली आपदा की वजह के तौर पर पेश किया गया है। साथ ही उनमें जलवायु परिवर्तन को चरम मौसमी स्थितियों के एकमात्र कारण के तौर पर प्रस्?तुत करने के बजाय अन्?य पहलुओं पर भी व्?यापक परिप्रेक्ष्?य में बातें कही गयी हैं। इसके बरक्?स हिंदी में छपे लेखों में से ज्यादातर में जलवायु परिवर्तन और हीट वेव के बीच में सीधा संबंध बताया गया है और उनमें कई अहम पहलुओं को शामिल नहीं किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय मीडिया हीट वेव और जलवायु परिवर्तन के बीच संबंध को उतनी प्रमुखता या पुरजोर तरीके से सामने नहीं रखता है जितना कि रखा जा सकता है। अंग्रेजी मीडिया के विपरीत हिंदी भाषा में जलवायु परिवर्तन की कवरेज में जलवायु परिवर्तन और हीट वेव के बीच संबंधों की रिपोर्टिंग उतनी बेहतर नहीं है। यह अलग बात है कि हिंदी मीडिया में काम करने वाले पत्रकारों को अंग्रेजी रिपोर्टर्स के मुकाबले कम संसाधन और प्रशिक्षण हासिल हो पाता है। इसके अलावा एक पहलू यह भी है कि विज्ञान और स्वास्थ्य के विशेषज्ञ संवाददाताओं के बजाय सामान्य विषयों की रिपोर्टिंग करने वाले संवाददाता भी हीटवेव को कवर कर रहे हैं। इसके अलावा हिंदी अखबारों का अपना अलग पाठक वर्ग और खबरों का अपना खाका है। साथ ही उन्हें जलवायु परिवर्तन से संबंधित वैज्ञानिक या क्लिष्ट बातों का अनुवाद करके लिखने में भी परेशानी होती है। रिपोर्ट में अंग्रेजी, हिंदी और बांग्?ला समेत विभिन्न भाषाओं के पत्रकारों के लिए दिशा-निर्देश प्रकाशित करने वाले संगठन डब्ल्यूडब्ल्यूए का जिक्र करते हुए कहा गया है कि इस संगठन ने निष्कर्ष निकाला है कि भारत के मीडिया आउटलेट और पत्रकार अपने दावे का कोई सबूत पेश किए बगैर जलवायु परिवर्तन को लगभग हर चरम मौसमी घटना से जोड़ देते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक इस बात पर जोर देना काफी अहम है कि किसी एक घटना और जलवायु परिवर्तन के बीच संबंध जोड़ना हीट वेव से जुड़ी खबर का एक पहलू मात्र है। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से बचने के लिए लोगों को क्या करना चाहिए और इस गर्मी के व्यापक प्रभाव क्या होंगे यह भी खबर के महत्वपूर्ण आयाम होते हैं। पत्रकारों को इस बात पर भी बराबर ध्यान देना चाहिए कि क्या भीषण गर्मी से उत्पन्न जोखिम को कम करने के लिए स्थानीय या राष्ट्रीय स्तर पर अच्छी सरकारी नीतियां है या नहीं और क्या उन्हें प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है अथवा नहीं।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में काम कर रहे गैर सरकारी संगठनों को हीट वेव की संपूर्ण रिपोर्टिंग में आने वाली बाधाओं की पहचान करने में भी पत्रकारों की मदद करनी चाहिए। उन्हें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि चरम मौसमी घटनाओं की कवरेज करने वाले पत्रकारों के लिए मार्गदर्शन उपलब्ध कराने वाले ऑनलाइन संसाधन उन्?हें मुहैया कराए जाएं और वे भारत में बोली जाने वाली सभी प्रमुख भाषाओं में उपलब्ध हों।

इस रिपोर्ट को तैयार करने के लिए हिंदुस्तान टाइम्स के 40 लेखों को उद्धत किया गया है। इसके अलावा टाइम्स आफ इंडिया के 27, मिंट के 19, द हिंदू के 12, एनडीटीवी ऑनलाइन के 9, द न्यू इंडिया एक्सप्रेस के 7 आर्टिकल्स को उद्धत किया गया है। वहीं हिंदी भाषी न्यूज साइट्स की बात करें तो दैनिक भास्कर और दैनिक जागरण के 7-7 लेखों को रिपोर्ट में उद्धत किया गया है। इसके अलावा न्यूज़ 18 के चार तथा आज तक, ज़ी न्यूज/डीएनए और अमर उजाला के तीन-तीन लेखों का उद्धरण दिया गया है। इसके अलावा तेलुगू न्यूज साइट इनाडु के दो आर्टिकल और मराठी न्यूज साइट डेली सकाल के पांच आर्टिकल्स का अध्ययन किया गया है। इसके अलावा द टाइम्स ग्रुप के पांच, इंडिया टुडे के तीन और एनडीटीवी के दो वीडियो को भी उद्धत किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत के मीडिया कवरेज में जलवायु परिवर्तन को और अधिक प्रमुखता से स्थान दिया जा सकता है, खासतौर पर हीट वेव की शुरुआती दिनों में। रिपोर्ट के मुताबिक जलवायु परिवर्तन के संबंध का उल्लेख करने वाले लेखो की कुल संख्या और रिपोर्टिंग की सटीकता के संदर्भ में अंग्रेजी भाषा और अन्य भाषाओं के समाचारों की कवरेज के बीच कुछ अंतर है। जलवायु परिवर्तन के लिंक का उल्लेख करने वाले अंग्रेजी लेखों की औसत संख्या 14त्न थी। इसके विपरीत हिंदी, तेलुगू और मराठी में लेखों के यह आंकड़े 3 से 10त्न के बीच हैं। अंग्रेजी को छोड़कर अन्य भाषाओं के समाचारों में भी लिक के बारे में कई प्रत्यक्ष दोहरे आधार वाले कथन शामिल थे, जिनमें गलत तरीके से यह सुझाया गया था कि जलवायु परिवर्तन हीट वेव का एकमात्र कारण है।

रिपोर्ट में भारतीय भाषायी पत्रकारों के लिए कई सुझाव दिए गए हैं। इनमें सामान्य रिपोर्टर्स को चरम मौसमी स्थितियों की सटीक तरीके से कवरेज करने के लिए विशेष प्रशिक्षण देने की जरूरत बताया जाना भी शामिल है। इस बात पर भी जोर दिया गया है कि इन पत्रकारों को पर्यावरण विज्ञान, पर्यावरण वैज्ञानिकों और मौसम वैज्ञानिकों से ज्यादा से ज्यादा संपर्क बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इस बात को लेकर विभिन्न भाषाओं में दिशानिर्देश तैयार किये जाएं कि किस तरह से हीट वेव और अन्य चरम मौसमी घटनाओं तथा जलवायु परिवर्तन से उनके रिश्ते की सटीक तरीके से रिपोर्टिंग की जाए। रिपोर्ट के अनुसार पत्रकारों को इस बात के लिए प्रोत्साहित किया जाए कि वह अपनी खबर में हीट वेव के सभी पहलुओं को पर्याप्त तरजीह दें और चरम मौसमी घटनाओं के लिए तैयारी करने और उन्हें लेकर प्रतिक्रिया देने के लिए संबंधित अधिकारियों को जवाबदेह भी ठहराएं। रिपोर्ट के लेखक डॉक्?टर जगदीश ठाकेर ने वेबिनार में कहा कि लगभग 40त्न लोग पर्यावरण के बारे में जानना चाहते हैं लेकिन उन्हें मीडिया से पर्याप्त सूचनाओं नहीं मिल पा रही हैं। बहुत बड़ी संख्या में भारतीय ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के बारे में नहीं जानते हैं। 10 साल पहले के मुकाबले आज के हालात देखे तो कहीं ज्यादा बड़ी संख्या में भारतीय जलवायु परिवर्तन को लेकर चिंतित हैं। सवाल यह है कि मीडिया किस तरह से जलवायु परिवर्तन के बारे में वैज्ञानिकों के कथनों को जनता के सामने रख पाता है। उन्होंने कहा कि हाल में किए गए एक सर्वे 'क्लाइमेट चेंज इन द इंडियन माइंड' के मुताबिक भारत के 54त्न लोग यह कहते हैं कि उन्हें जलवायु परिवर्तन के बारे में बहुत थोड़ी सी जानकारी है या फिर उन्होंने इसके बारे में कभी कुछ नहीं सुना। वहीं सिर्फ 9त्न लोग यह मानते हैं कि उन्हें जलवायु परिवर्तन के बारे में काफी कुछ पता है, लेकिन लोग जलवायु परिवर्तन को प्रत्यक्ष रूप से किसी के साथ जोड़ने में असमर्थ दिखे। ठाकेर ने कहा कि हर गुजरते साल के साथ गर्मी और भी ज्यादा भयावह रूप लेती जा रही है। हीट वेव की भौगोलिकता और मौसमी तर्ज हाल के कुछ वर्षों में काफी हद तक बदल गई है। भारतीय एजेंसियों ने आने वाले समय में हीट वेव को सबसे बड़ी आपदा के रूप में चिह्नित कर रखा है। हालांकि हीट वेव भारत के लिए कोई नई बात नहीं है लेकिन वर्ष 2022 में यह जाहिर हुआ कि किस तरह से बढ़ता हीट स्ट्रेस विभिन्न क्षेत्रों पर बुरे प्रभाव डालता है। इनमें स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और कृषि खासतौर पर शामिल है। ठाकेर ने कहा कि एल नीनो प्रभाव मौजूद है और 2024 की गर्मियां शुरू होने वाली है। वैज्ञानिकों और मौसम विज्ञानों ने पहले ही इस बात की आशंका जाहिर कर दी है कि आने वाली गर्मी और भी ज्यादा गर्म होगी।

एनआरडीसी (इंडिया) के क्?लाइमेट रेजीलियंस एण्?ड पब्लिक हेल्?थ प्रोग्राम के डॉक्टर अभियंत तिवारी ने वेबिनार में कहा कि हर साल भारत में गर्मी बढ़ती ही जा रही है। भारत दुनिया की 17-18 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। पिछले कुछ वर्षों में हमने स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन के भयंकर परिणाम देखे हैं। साल 2015 में हीटवेव की वजह से देश के विभिन्न राज्यों में लोगों की मौतें हुई। पाकिस्तान में भी अनेक लोग मारे गए। भारत में अब गर्मी आने को है। नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी इंडिया, मेट्रोलॉजी डिपार्मेंट, हेल्थ डिपार्टमेंट एक साथ आए हैं। हाल ही में उन्होंने राष्?ट्रीय स्?तर की कार्यशाला आयोजित की। इसका मकसद यह बताना था कि हमने पूर्व में क्या किया और भविष्य में और क्या किया जाना चाहिए। यह बहुत उत्साह जनक है कि पिछले समय से सीख कर हम अब आगे की बात कर रहे हैं। गर्मी के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मीडिया की एक बहुत बड़ी भूमिका है। मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर नरेश कुमार ने इस साल पड़ने जा रही गर्मी की संभावनाओं और उसके सम्?भावित प्रभावों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि पिछले अधिकतर वर्षों के दौरान ज्यादातर दिनों में न्यूनतम तापमान हमेशा सामान्य से अधिक रहा और उमस भी रही। जब भी न्?यूनतम तापमान और उमस की मात्रा ज्यादा होती है वहां पर इंसानों की सेहत पर ज्यादा बुरा असर पड़ता है। बढ़ती हुई उमस के बारे में उन्होंने कहा के हमने अपने अध्ययन में यह भी पाया है कि अधिकतम तापमान पूरी दुनिया में बढ़ रहा है और अगर हम मार्च की बात करें तो आमतौर पर तापमान कुछ बढ़ा होता है। आज की बात करें तो केरल में 37-38 डिग्री सेल्सियस तापमान है लेकिन अगर आप पिछले साल की बात करें तो दूसरा ही पैटर्न था इसलिए इस साल हम केरल के लिए गर्म और उमस भरे पैटर्न की चेतावनी जारी कर रहे हैं।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं अलाइव न्यूज के मुख्य संपादक है।)**

## संपादकीय

### कांग्रेस खुद पर करे अफसोस

कांग्रेस खुद पर अफसोस या गुस्सा करे, अहंकार की दौलत में बिक रहा जमाना। जाहिर है हिमाचल से राज्यसभा की यात्रा ने एक सरकार के वजूद को छील दिया और इस छिछालेदर में सारी खुन्नस निकल गई। राजनीति अपनी बस्ती नहीं चुन सकती, तो अपनी ही अस्थि उठानी पड़ेगी, वरना भाजपा के कुल 25 विधायकों के सामने कांग्रेस के चालीस इतने सक्षम थे कि अभिषेक मनु सिंघवी यहां से राज्यसभा का तिलक लगाकर लौटते, मगर लुटिया डूबी जहां आशाएं तैर रही थीं। इस गिनती पर कौन भरोसा करे जिसने भाजपा के हर्ष में अपनी तौहीन कबूल की। आश्चर्य यह कि जिस अकड़ से सत्ता चल रही थी, उसकी हड्डी पसली एक कर दी, लेकिन आत्मबोध का आचरण खुद को साबित नहीं कर सका। सुलगती सूलियों को तिनके समझकर, कांग्रेस ने अपने ही हाथों को जलाया इस कद्र। ऐसे में भाजपा का जीतना जनादेश की गवाही नहीं, लेकिन कांग्रेस का हारना जगहंसाई जरूर है। कौनसा शिखर और कौनसी तोपें थीं इस दुर्ग की, कयामत घर से निकली और सारे गुरूर को जला गई। ऐसे में गलत कौन? जनता जिसने कांग्रेस को सत्ता सौंपी या व जो बागी हो गए। क्यों न इस सल्तनत को दोषी मानें जो हिमाचल में निरंकुश और दिल्ली में अंधी थी। कब कांग्रेस अपनी हैसियत से 'आलाकमान' की हेकड़ी से बाहर नेतृत्व का कौशल दिखा पाएगी। यहां वह नेतृत्व भी हारा जिसने हिमाचल में सुक्खू सरकार का मौजूदा आकार बनाया और वह सत्ता भी हारी जिसने यारों का सहारा बनाया। एक एक करके गिनेंगे तो कितने कैबिनेट रैंक बिखर गए और बिखरा वह असंतुलन जो हिमाचल में कांग्रेस को संगठित नहीं कर पाया। आश्चर्य यह कि मुख्यमंत्री के गृह जिला से तीन विधायकों ने बगावत की, तो अपनी ही पार्टी को हराने में सुधीर शर्मा व राजिंद्र राणा ने शहादत दी। एक आसान सी जीत में अगर सुक्खू सरकार फिसल गई, तो सरकार के असंतुलन ही खा गए सरकार को। 'चादर फट गई पांव में नाखून बढ़े थे, शहनशाह की किस्ती में छेद बड़े थे। ' अब एक बदसूरत तस्वीर में कांग्रेस का तामझाम और दिल्ली का दरबार खुद को होश में लाने के लिए प्रयासरत है। चोट खाने के बाद दिल का हाल पूछा जा रहा है, अपनी नब्ज को दूसरे हाथ में देकर मापा जा रहा है। यानी छह विधायक छंट गए, विक्रमादित्य सिंह ने मंत्री पद छोड़ दिया और कितने सबूत चाहिएं कि आग किस कद्र लगी है। कांग्रेस को खुद पर भरोसा कब होगा। हिमाचल में सरकार का गठन जिस तरह हुआ, उसमें नालायकी, अहंकार, टकराव और उपेक्षा थी। फैसलों की फेहरिस्त में अपने ही विधायकों के अपमान अगर जुड़ रहे थे, तो कहीं बंदूक के साये सत्ता को अपने नशे की हिफाजत की चिंता थी। पहले मंत्रिमंडल के आकार में और फिर इसके प्रकार में कान ही तो पकड़े गए। जिस कांगड़ा ने दस विधायक दिए, उसका सबसे क्षमतावान चेहरा इतना मजबूर किया कि वह आज सरकार के विरुद्ध तलवार बन गया। मंत्रियों को मजदूर और गैर विधायकों को अंगूर खिलाकर आत्मसंतुष्टि तो हो सकती है, लेकिन सरकारें यूं नहीं चलतीं। आश्चर्य यह कि सरकार के बीच खड़े राजिंद्र राणा, सुधीर शर्मा व तमाम विक्षुब्ध विधायकों की न कोई सुन रहा था और न ही सुनना चाहता था।

## विश्व मोटापा दिवस पर विशेष

# गलत खानपान से घातक बीमारियों और असमय मृत्यु में बेतहाशा वृद्धि



लेखक-डॉ. प्रितम भि. गेडाम

देश में तेजी से बढ़ती गंभीर बीमारियां और असामयिक मौत की वृद्धि ने चिंताजनक आंकड़े छू लिए हैं। आजकल की आधुनिक जीवनशैली, यांत्रिक संसाधनों पर बढ़ती निर्भरता और चटोरी जबान ने हमारे जीवन में बहुत बदलाव ला दिये है, हर कोई स्वाद के हिसाब से खाद्य पदार्थ खाना पसंद करते हैं, स्वास्थ्य के हिसाब से नहीं, जिसका सीधा असर हमारे सेहत पर दिखता है, अब तो किसी भी उम्र में कोई भी स्वास्थ्य समस्या किसे भी होती हैं। लोगों की बढ़ती मांग अनुसार, अब हर तरफ फास्ट-फूड, स्ट्रीटफूड, तेल मैदा मसाले मीठे नमकीन व्यंजन तेजी से समृद्ध हो रहे हैं, जबकि ये खाद्य पदार्थ निम्न गुणवत्ता, खराब कोलेस्ट्रॉल और मोटापा को बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। भारतीय त्योहार, समारोह और मंगल कार्यों में भी ऐसी ही व्यंजन की भरमार बढ़ रही हैं। वैसे ही खाद्य पदार्थों में हानिकारक रसायन का प्रयोग, मिलावटखोरी और अस्वच्छता बड़े पैमाने पर दिखती है, ऊपर से निम्न गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ में सिर्फ स्वाद देखा जाता है, जिसमें उच्च कैलोरी होती है। बहुत से लोग खाना खाते समय यह भी नहीं सोचते कि वे कितनी कैलोरी ले रहे हैं। पेट जब तक पूरी तरह भर ना जाए, तब तक खाते हैं, साथ ही हमारे यहां मेहमाननवाजी के नाम पर जो खिलाने-पिलाने की खातिरदारी होती है, वह भी इस समस्या को बढ़ावा देती है। जितनी कैलोरी लेते हैं, अगर उतनी खर्च नहीं हुई तो वह शरीर में जमा होकर अतिरिक्त कैलोरी मोटापे का रूप लेती है। पाचन में भारी, थकावट, भारीपन, आलस्य महसूस करवानेवाले खाद्यपदार्थों का सेवन ज्यादा किया जाता हैं, जिससे देशभर में पेट संबंधित रोगों की समस्या बहुत आम नजर आती है। मोटापे की समस्या लगातार बढ़ रही है, जो अनेक जानलेवा बीमारियों की जननी हैं और कितने दुर्भाग्य की बात है कि, सब कुछ जानते हुए भी हम खुद ही अस्वास्थ्यकर खाद्यपदार्थों को ही प्राथमिकता देकर खाते हैं।

मोटापे के जोखिमों के बारे में जागरूकता और वैश्विक मोटापा संकट को समाप्त करने के लिए हर साल 4 मार्च को ÷विश्व मोटापा दिवस÷ दुनियाभर में मनाया जाता हैं। अधिक वजन और मोटापे के खतरे के लिए अस्वास्थ्यकर खानपान के साथ-साथ शारीरिक गतिविधि का अभाव, पर्याप्त नींद न लेना, अत्यधिक तनाव, स्वास्थ्य की स्थिति, आनुवंशिकी, दवाइयों का दुष्प्रभाव, आसपास का वातावरण भी उत्तरदायी होता है। शहरों में मोटापे की इस प्रवृत्ति के लिए चीनी-मीठे पेय पदार्थ और प्रसंस्कृत भोजन जैसे उच्च कैलोरी-सघन खाद्य पदार्थों का सेवन एक प्रमुख योगदानकर्ता माना जाता है, और साथ ही, इनमें आवश्यक पोषक तत्वों और फाइबर की भारी कमी होती हैं। अधिक शराब पीना, बहुत अधिक बाहर भोजन करना सेहत के लिए हानिकारक है। लंबे समय तक धूम्रपान, अस्वास्थ्यकर आहार और शारीरिक निष्क्रियता के कारण परिणामस्वरूप बीमारियों का विकास होता है, विशेष रूप से हृदय रोग, स्ट्रोक, मधुमेह, मोटापा, मेटाबोलिक सिंड्रोम, क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी। वर्तमान में भारतीय फास्ट-फूड बाजार 27.57 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है। भारतीय जंक फूड की सूची में समोसा, कचौड़ी, ब्रेड पकौड़ा, पैकेज्ड भुजिया, इंस्टेंट नूडल्स, मोमोज, टिक्की, भटूरे जैसे खाद्य पदार्थ शीर्ष पर हैं। वैश्विक खाद्य बाजारों में भारत के निरंतर एकीकरण के बाद अस्वास्थ्यकर, प्रसंस्कृत भोजन अधिक सुलभ हो गया है। यह, बढ़ती मध्यम वर्ग की आय के साथ मिलकर, मध्यम वर्ग और उच्च आय वाले परिवारों में प्रति व्यक्ति औसत कैलोरी सेवन में वृद्धि कर रहा है। एक विशेष रिपोर्ट के अनुसार, ÷2022 तक देश के बड़े शहरों में फास्ट फूड रेस्तरां पर मध्यम वर्ग के परिवारों का वार्षिक खर्च 108 प्रतिशत बढ़ गया है÷।

मोटापा एटलस 2023 ने मोटापा गैर-संचारी रोग के मामले में भारत को कुल 183 देशों में से 99 वें स्थान पर रखा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य परिवार सर्वेक्षण 5 के आंकड़ों के अनुसार, 23त्न महिलाएं और 22.1त्न पुरुष बीएमआई मानदंड के अनुसार अधिक वजन वाले हैं, देश में 40त्न महिलाएं और 12त्न पुरुष पेट के मोटापे से पीड़ित हैं। भारतीय राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 अनुसार, 2006 से 2016 तक की अवधि में, 15 से 49 वर्ष की आयु की महिलाओं में मोटापा 13त्न से बढ़कर 21त्न हो गया और 15 से 49 वर्ष की आयु के पुरुषों में मोटापा 9.3त्न से बढ़कर 19त्न हो गया। प्रत्येक वर्ष अधिकांश भारतीयों की मृत्यु हृदय रोग के कारण होती है, और उनमें से लगभग 60त्न को मधुमेह है। यह अनुमान लगाया गया है कि 2050 तक, भारत 130 मिलियन से अधिक मामलों के साथ मधुमेह में विश्व में शीर्ष स्थान प्राप्त कर लेगा।

डब्ल्यूएचओ अनुसार, दुनिया भर में मोटापा 1975 के बाद से लगभग तीन गुना हो गया है। 2016 में, 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के 1.9 बिलियन से अधिक वयस्क अधिक वजन वाले थे। इनमें से 650 मिलियन से अधिक लोग मोटापे से ग्रस्त थे। दुनिया की अधिकांश आबादी उन देशों में रहती है जहां अधिक वजन और मोटापे के कारण कम वजन वाले लोगों की तुलना में अधिक लोगों की मौत होती है। 2020 में 5 वर्ष से कम उम्र के 39 मिलियन बच्चे अधिक वजन वाले या मोटापे से ग्रस्त थे। 2016 में 5-19 वर्ष की आयु के 340 मिलियन से अधिक बच्चे और किशोर अधिक वजन वाले या मोटापे से ग्रस्त थे। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, अस्वास्थ्यकर आहार के कारण होने वाले मोटापे और गैर-संचारी रोगों के कारण श्रम उत्पादकता में सैकड़ों अरब डॉलर का नुकसान हो रहा है और अस्वास्थ्यकर आहार पैटर्न से संबंधित अनुमानित नुकसान के मामले में भारत 154 देशों में तीसरे स्थान पर है, जो बेहद चिंताजनक हैं। भारत में उपभोग किए जाने वाले अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड की कुल मात्रा में 2011 के बाद से 90त्न से अधिक की वृद्धि हुई है।

वयस्क बॉडी मास इंडेक्स या बीएमआई इंडेक्स अनुसार, यदि आपका बीएमआई 18.5 से 24.9 है, तो यह स्वस्थ वजन सीमा के अंतर्गत आता है। यदि आपका बीएमआई 25.0 से 29.9 है, तो यह अधिक वजन की सीमा में आता है। ऊंचाई अनुरूप वजन होना चाहिए। कार्बोहाइड्रेट, आलू, चावल, मिठाई जैसे खाद्य पदार्थ वजन बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसलिए, केवल वही खाद्य पदार्थ खाएं जो आपके शरीर में अतिरिक्त कैलोरी नहीं बढ़ाएंगे। कैलोरी का आदर्श स्तर दैनिक सेवन के अलावा उम्र, चयापचय और शारीरिक गतिविधि कार्य के स्तर पर निर्भर करता है। आम तौर पर, अनुशंसित दैनिक कैलोरी सेवन महिलाओं के लिए प्रति दिन 2,000 कैलोरी और पुरुषों के लिए 2,500 कैलोरी है।

शहरों में प्रदूषित हवा में सांस लेने की मजबूरी, पैक्ड फ़ूड की आदत, मिलावटखोरी, खाद्य पदार्थों में निकृष्ट गुणवत्ता व आवश्यक पोषक तत्वों की भारी कमी, फसलों में घातक रसायनों का प्रयोग, व्यायाम की कमी, यांत्रिक उपकरणों पर बढ़ती निर्भरता ने मानव जीवन को संघर्षमय और ख़राब सेहत दी है, जिससें जानलेवा खर्चीली बीमारियों ने असमय होने वाली मृत्यु में वृद्धि की है। मनुष्य ने खुद ही अपनेआप को उस दहलीज पर लाकर रख दिया है जहां पर स्वास्थ्य समस्याओं का अंबार लगा हैं, जिसमें मोटापा भी प्रमुख है। मोटापे को रोका जा सकता है, योग्य दिनचर्या के द्वारा हम अच्छी सेहत पा सकते है। नमक, शक्कर, मैदा जैसे पदार्थों को धीमा सफेद जहर कहा जाता है, इनके अत्यधिक सेवन से बचें। पैक्ड, डिब्बाबंद, फास्टफूड, जंकफूड, प्रसंस्कृत वसायुक्त मांस, स्नैक फूड, फ्रिज में जमे हुए पदार्थ, बाहरी तेल मसालेवाले खाद्यपदार्थ खाने से बचें। पोषक तत्वों से भरपूर मौसमी फल, अंकुरित अनाज, हरी सब्जियों, दालों का प्रयोग करें। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और कैलोरी का विशेष ध्यान रखें। चटोरी जबान पर नियंत्रण रखना सीखें, पेट को गोदाम समझकर कुछ भी पदार्थ न ठूंसे, अपनी इच्छा शक्ति मजबूत बनाये। शरीर को हर उम्र में सभी प्रकार के आवश्यक पोषक तत्वों की जरुरत होती हैं, इसका खास ध्यान रखें। शुद्ध ऑक्सीज़न, पूरक पौष्टिक आहार, पर्याप्त नींद, रोजाना व्यायाम, नशे से दुरी ये अच्छे सेहत का मार्ग है। इसकी मदद से हम न केवल मोटापे बल्कि जानलेवा बीमारियों से भी बचेंगे और एक खुशहाल, स्वस्थ जीवन जी सकेंगे।

# काठ की हांडियां भी चढ़ेंगी आग पर.....

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस हो या भाजपा नए प्रत्याशियों के साथ ही अनेक ऐसे नेताओं को भी चुनाव मैदान में उतारने के लिए विवश हो सकती है जो पिछले दिनों कोई न कोई चुनाव हार चुके है। काठ की इन हांडियों को दोबारा आग पर चढाने की मजबूरी भी है और जरूरी भी। हालाँकि इसमें जोखिम भी कम नहीं है। भाजपा की काठ की हांडियों में केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधियाऔर प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्र का नाम भी शामिल है।

भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में 29 में से 28 सीटें हासिल की थीं, और तब हासिल की थीं जब प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता थी और कमलनाथ मुख्यमंत्री थे। इस बार 2024 में भाजपा का लक्ष्य सभी 29 सीटें जीतने का है। इस बार भाजपा 2019 में भाजपा के ही एक सामान्य कार्यकर्ता केपी सिंह के हाथों गुना से चुनाव हारे ज्योतिरादित्य सिंधिया को चुनाव जिताना चाहती है। हालाँकि ऐसा करना आवश्यक नहीं है क्योंकि सिंधिया वर्तमान में राजयसभा सदस्य हैं और अगले दो साल और सदन में रह सकते हैं। लेकिन प्रदेश भाजपा कार्यसमिति ने खुद सिंधिया के आग्रह पर उन्हें गुना सीट से प्रत्याशी बनाने का प्रस्ताव केंद्र को भेज दिया है।

लोकसभा चुनाव में भाजपा अपने अनेक मौजूदा सांसदों का पत्ता साफ़ करना चाहती है। सबसे ऊपर नाम भोपाल की संसद साध्वी प्रज्ञा का है। उनकी सीट से हाल ही में दतिया से विधानसभा चुनाव हारे प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा का नाम पैनल में शामिल किया गया है। पार्टी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी भोपाल से प्रत्याशी बनाये जाने के लिए राजी है, हालाँकि चौहान विदिशा सीट के पुराने अजेय संसद रह चुके हैं। चौहान के बारे में अंतिम फैसला मोदी और शाह को ही करना है। चौहान इस समय विधायक हैं लेकिन उन्हें मध्यप्रदेश की राजनीति से बेदखल किया जाना है इसलिए उनका लोकसभा में भेजा जाना पार्टी की मजबूरी बन गयी है।

प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीडी शर्मा भी अपनी वर्तमान सीट खजुराहो से चुनाव लड़ने से कतरा रहे हैं, क्योंकि ये सीट इंडिया गठबंधन ने समाजवादी पार्टी को दे दी है। यहां यदि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी मिलकर चुनाव लड़ते हैं तो शर्मा का जीतना आसान नहीं होगा। भोपाल से पुराने आजमाए हुए नेता आलोक शर्मा और सुमित पचौरी का नाम भी पैनल में जोड़ा गया है। इस लिहाज से भोपाल के पैनल में दो या तीन के बजाय पांच नाम है। जाहिर है कि भाजपा के पास प्रत्याशियों की कोई कमी नहीं है अन्यथा किसी भी पैनल में दो या तीन नाम ही रखे जाते हैं।

भाजपा के लिए भोपाल के बाद सबसे महत्वपूर्ण सीट इंदौर है। यहां से वर्तमान संसद शंकर लालवानी का मुखर विरोध देखते हुए हाल ही में विधानसभा का चुनाव जीतव मंत्री कैलाश वजयवर्गीय और इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव का नाम भी दिल्ली भेजा गया है। गौरतलब है कि कैलाश विजयवर्गीय प्रदेश की राजनीति में रहना नहीं चाहते। वे दिल्ली जाकर अपने बेटे के लिए प्रदेश की राजनीति में जगह वापस करना चाहते है। कैलाश विजयवर्गीय को उनके पूर्व विधायक बेटे आकाश की जगह विधानसभा का चुनाव लड़ाया गया था। महापौर के रूप में पुष्यमित्र भार्गव युवाओं के बीच लोकप्रिय हैं इसलिए उनके नाम को भी आगे बढ़ाया गया है। वे लम्बी रेस के घोड़े साबित हो सकते है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की पुरानी सीट विदिशा से रमाकांत भार्गव के अलावा शिवराज सिंह का नाम भी सुझाया गया है। अर्थात शिवराज सिंह चौहान को भोपाल या विदिशा में से किसी एक से टिकिट मिलना तय है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का नाम उनकी पुरानी गुना सीट से भेजा गया है हालांकि वर्तमान संसद केपी सिंह का नाम भी दोहराया गया है। केपी को गुना से हटाने का कोई कारण नहीं है किन्तु सिंधिया की इच्छा का मान रखा गया तो केपी शहीद हो सकते है। अन्यथा भाजपा कार्यकर्ता सिंधिया के पक्ष में शायद नहीं है। सिंधिया का नाम ग्वालियर सीट से भी जोड़ा गया है। ग्वालियर के मौजूदा संसद विवेक शेजवलकर बहुत ज्यादा लोकप्रिय सांसद नहीं रहे इसलिए उनका बदला जाना तय समझा जा रहा है। उनके स्थान पर सिंधिया के अलावा विधानसभा चुनाव हारे डॉ नरोत्तम मिश्रा और विधानसभा चुनाव लड़ने से वंचित किये गए जयभान सिंह पवैया का नाम भी पैनल में जोड़ा गया ह। पवैया भी एक जमाने में पूर्व केंद्रीय मंत्री माधव रॉ सिंधिया के खिलाफ चुनाव लड़ चुके है। वे ग्वालियर से सांसद भी रहे हैं।

ग्वालियर-चंबल क्षेत्र की आरक्षित भिंड सीट से मौजूदा संसद सुमन राय के स्थान पार यदि सिंधिया की चली तो पूर्व मंत्री इमरती देवी को भी टिकट मिल सकता है। वे सिंधिया की कटटर समर्थक हैं और हाल ही में विधानसभा का चुनाव दूसरी बार हारीं है।

Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस कमिश्नर ने फरीदाबाद पुलिस के 7 सहायक उप निरीक्षक को बनाया उप निरीक्षक



Faridabad/Alive News

फरीदाबाद पुलिस के 7 सहायक उप निरीक्षक पदोन्नत होकर उप निरीक्षक बने हैं। पुलिस आयुक्त कार्यालय में पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने पदोन्नत हुए पुलिसकर्मियों को सितारा लगाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। पदोन्नति प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मी बहुत खुश थे और उन्होंने पुलिस आयुक्त का धन्यवाद किया। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिहं ने बताया कि पदोन्नत हुए पुलिसकर्मियों में सहायक उप निरीक्षक तालिम हुसैन, बच्चू सिंह, प्रीतम, नरेन्द्र , विक्रम सिंह, अनुप सिंह और महावीर का नाम शामिल है। पुलिस आयुक्त ने उक्त सभी पुलिसकर्मियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके कड़ी तपस्या और मेहनत की बदौलत उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों ने पुलिस विभाग के विभिन्न पदों पर कार्यरत रहकर अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रमोशन के साथ-साथ उनकी जिम्मेदारियां भी बढ़ी है इसलिए अपने पद की गरिमा बनाए रखें तथा पुलिसकर्मी ओर ज्यादा मेहनत करते हुए ईमानदारी और सच्ची निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

### 5 साल बाद भी राजा नाहर सिंह स्टेडियम की नहीं बदली तस्वीर, क्रिकेट प्रेमी नाराज



Faridabad/Alive News

राजा नाहर सिंह स्टेडियम अब अपने बदहाली के नाम पर रो रहा है। एक समय था जब इस स्टेडियम में मैच हुआ करते थे। इस स्टेडियम में खेला गया आखिरी आधिकारिक मैच 31 मार्च 2006 में भारत व इंग्लैंड के बीच एकदिवसीय मैच खेला गया था। स्टेडियम का नाम 1857 के भारतीय राजा के नाम पर नाहर सिंह रखा गया है। इस स्टेडियम को पहले मयूर स्टेडियम के नाम से भी जाना जाता था। 2019 में स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए उपयुक्त बनाने के लिए नवीनीकरण शुरू हुआ जिसके पूरे होने की उम्मीद 2022 तक थी परंतु 2024 आ चुका है लेकिन स्टेडियम में कोई बदलाव नहीं हुआ। स्टेडियम के नवीनीकरण के लिए 106 करोड़ का फंड तय हुआ था।

**क्या-क्या होंगे बदलाव**

पहले स्टेडियम में दर्शकों की क्षमता 25 हजार थी जिसको बढ़कर आम दर्शकों के बैठने के लिए 40 हजार किया जाएगा।

**ऐसे होगी पार्किंग की व्यवस्था**

पार्किंग में भी बदलाव किया जाएगा जिसमें 3 हजार गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था होगी। स्टेडियम में वीआईपी पार्किंग के साथ 10 हजार वाहन पार्किंग का स्पेस उपलब्ध होगा

**मीडिया के लिए आरक्षण**

मीडिया के लिए नॉर्थ ब्लॉक में 200 वर्ग मीटर क्षेत्र आरक्षित रहेगा। इसमें वीआईपी और कॉरपोरेट व्यक्तियों के लिए 540 सिम आरक्षित होंगी।

**स्टेडियम में ये होंगे बदलाव**

स्टेडियम के अंदर व बाहर सौंदर्यकरण किया जाएगा। स्टेडियम को डे नाइट के हिसाब से तैयार किया जाएगा। यहां पांच सितारा सुविधा उपलब्ध होगी। यहां अभ्यास के लिए अलग पिच तैयार की जाएगी। पूरे स्टेडियम में सीसीटीवी कैमरा से निगरानी रखी जाएगी।

### बीपीएल परिवारों को मकान मरम्मत के लिए दी जाती है 80 हजार रुपए की आर्थिक सहायता



Faridabad/Alive News

हरियाणा सरकार के गृह सचिव सुधीर राजपाल ने सबंधित विभाग को हरियाणा अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के माध्यम से बीपीएल परिवारों को डा. बीआर अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत वर्ष 2022-23 व 2023-24 के दौरान सरल पोर्टल पर प्राप्त हुए सभी आवेदन पत्रों का निर्धारित नियमानुसार निपटारा करने के निर्देश दिए हैं। हरियाणा सरकार के गृह सचिव सुधीर राजपाल ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिला के सभी उपायुक्तों के साथ बैठक ली। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि डा. बीआर अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना का लाभ केवल अनुसूचित जाति के बीपीएल परिवारों को ही दिया जा रहा था लेकिन पिछले वर्ष हरियाणा सरकार ने इस योजना में बदलाव करते हुए इसमें सभी बीपीएल परिवारों को शामिल करने का निर्णय लिया था। सरकार ने योजना के तहत लाभार्थियों का दायरा बढ़ाने के साथ-साथ योजना के तहत मिलने वाली राशि को भी 50 हजार रुपए से बढ़ाकर 80 हजार रुपए किया था। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पोर्टल पर आए आवेदनों की जांच कर उनका समयानुसार निपटारा करे। बैठक में एडीसी आनंद शर्मा, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बड़खल अमित मान, डीआरओ बिजेंदर राणा सहित अन्य कई विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

# एनआईटी विधायक ने सरकार के काम को लेकर उठाए सवाल

Faridabad/Alive News

27 फरवरी को एनआईटी फरीदाबाद से विधायक नीरज शर्मा ने विधानसभा सत्र के दौरान सदन में मुख्यमंत्री से पूछा कि क्या वर्ष 2016 में ज्ञानचंद गुप्ता, विधायक द्वारा पंचकूला शहर में 08 सितंबर 2015 को आउटसीस कोटे के तहत 13 प्लाटों के आवंटन में धोखाधड़ी तथा भ्रष्टाचार के बारे में शिकायत दी गई थी, आपके द्वारा उक्त शिकायत की जांच सी.बी.आई से कराने की सिफारिश की है वह तारीख/आधार जिस पर उक्त सिफारिश गई थी तथा उक्त जाँच के परिणाम का ब्यौरा क्या है और क्या सी.बी.आई से जांच कराने की पहले की सिफारिश के बाद आप द्वारा अन्य एजेंसी से जांच कराने की कोई सिफारिश की गई थी। जिसपर सदन में जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने सदन में बताया कि शिकायत प्राप्त हुई थी, जिस फाईल पर 01 जून 2020 को मामले को सीबीआई को भेजने की सिफारिश की थी, उसका पता चल नही पा रहा है और उक्त फाइल के संबध में एफआईआर 368, 25.08.2022 को दर्ज करवाई गई है। इसके बाद 19 अगस्त 2022 के बाद के निदेश अनुसार इस सबंध में एफआईआर 369, 25 अगस्त 2022 दर्ज की गई है जिसकी जांच भष्टाचार निरोधक ब्यौरो द्वारा की जा रही है। विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि कितनी हास्यपद बात है कि जो शिकायत 2016 में ज्ञानचंद गुप्ता ने की है उनकी बात को सीरियस नही लिया जा रहा तो विपक्ष के विधायको की क्या स्थिति होगी आप समझ सकते है। फाईल गुम होने के बाद जांच सीबीआई से नहीं करवाई जा रही है। विधायक नीरज शर्मा ने सदन में बोलते हुए कहा कि यह फ़ाइल जानबूझकर गुम करवाई गई है। सरकार को चाहिए है इस केस की जांच तो जरूर सीबीआई से करवाई जाएं। विधायक नीरज शर्मा ने



सदन में फाइल की प्रति अध्यक्ष विधानसभा को दिखाते हुए कहा कि फाइल जिसको देखनी है वह दिखा देगें सीबीआई से इसकी जांच करवाएं जिससे सच जनता के सामने आए। विधानसभा अध्यक्ष के कहने पर विधायक नीरज शर्मा ने 29 पेजों की फ़ाइल विधानसभा में टेबल की। विधायक नीरज शर्मा ने बोला कि भाजपा के विधायको के व्दारा कहा जाता है कि धोटाला हुआ है और उसके बाद फाइल गुम हो जाती है। यह कैसे हो सकता है जब मुख्यमंत्री खुद कहते है कि सब कुछ पोर्टल पर है तो यह फाईल किसके पास थी लास्ट में उसका पता क्या नही चल पा रहा है। सरकार सिर्फ और सिर्फ इस धोटाले को दबाने की कोशिश कर रही है। विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि यह सरकार भ्रष्टाचार मिटाने की बात फिर मुख्यमंत्री ने अपने आदेशो को क्यों बदला यह बात स्पष्ट करे और इसकी जांच सीबीआई से करवाने के तुरंत आदेश पारित करे।

**फरीदाबाद गुरूग्राम मेंट्रो को जोडने के विषय पर बोल विधायक नीरज शर्मा**

विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि फरीदाबाद को गुरूग्राम से मेंट्रो रेल के माध्यम से जोडा जाना है लेकिन इस बजट में एक रूपय का भी प्रस्ताव इस बजट में नही रखा गया। सदन में अतिरिक्त प्रश्न में सरकार से पूछा कि क्या यह तथ्य है कि मेट्रो ट्रेन के माध्यम से फरीदाबाद को गुरुग्राम से जोड़ा जाना है जिसमें एक स्टेशन प्याली चौंक है, उक्त परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उक्त परियोजना पर खर्च की जाने वाली संभावित राशि कितनी है, अब तक बजट में किये गए प्रावधानों का ब्यौरा क्या है, उक्त परियोजना के कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है तथा डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध कराए। जिसपर सदन में मुख्यमंत्री द्वारा बताया गया कि अतिंम डिटेल की प्रोजेक्ट रिपोर्ट डीपीआर तैयार की जा रही है अनुमति लागत और समय सीमा डीपीआर के पूरा होने के बाद ही पता चलेगा जो अगस्त 2024 तक होने की सम्भावना है। विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि मुख्यमंत्री के जवाब से स्पष्ठ है कि इस भाजपा के राज में फरीदाबाद गुरुग्राम मेट्रो की एक ईंट भी नही लगेगी। फरीदाबाद गुरुग्राम मेट्रो का कार्य हुड्डा सरकार में शुरू होगा।

## पटेल स्कूल ने वैज्ञानिक सी.वी रामन के जन्मदिवस पर सांइस एग्जीबिशन आयोजित



Faridabad/Alive News

वैज्ञानिक सी.वी रमन के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय विज्ञान मेले का आयोजन राजीव कॉलोनी स्थित पटेल पब्लिक स्कूल में किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में तीसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने अपने अपने मॉडल के साथ भाग लिया। साइंस प्रदर्शनी में ब्लड प्यूरीफाई मॉडल, थर्मल पावर प्लांट मॉडल, ग्लोबल वार्मिंग सेंस ऑर्गन मॉडल, आइ बिलिंग सेंस मॉडल सहित 25 मॉडल प्रदर्शित किए गए। स्कूल की साइंस की अध्यापिका आरती जांगिड़ ने कहा कि इस एग्जीबिशन का उद्देश्य आने वाले भविष्य में विद्यार्थी थ्योरी से ज्यादा प्रैक्टिकल पर ध्यान दें। साथ ही उनका कहना था कि प्रैक्टिकल से बच्चों को ज्यादा से ज्यादा सीखने को मिलता है। स्कूल के प्रिंसिपल एम. एस नागर (संजय ) ने बताया कि इस प्रदर्शनी में 122 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। उन्होंने बताया कि इस बार प्रदर्शनी में जज की भूमिका बच्चों के अभिभावकों ने निभाई है। उनका कहना था कि इस बार मॉडल सिलेक्शन का काम बच्चों ने स्वयं ही किया था। उन्होंने बताया कि स्कूल में वर्ल्ड अर्थ-डे, वर्ल्ड एनवायरनमेंट-डे, वॉटर-डे, सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम के साथ साथ अवेयरनेस से जुड़ी सभी गतिविधियां सेलिब्रेट की जाती हैं।

## लोकसभा आम चुनाव में राजनीतिक अभियानों और रैलियों में नहीं कर सकेंगे बच्चों का उपयोग : डीसी

Faridabad/Alive News




डीसी कम जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनज़र सभी राजनीतिक दल व उम्मीदवारों के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा निर्देशों के अनुसार कोई भी राजनीतिक दल व उम्मीदवार चुनाव संबंधी गतिविधियों में बच्चों का उपयोग नहीं कर सकेंगे। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने विस्तृत जानकारी देते हुए आगे बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से राजनीतिक दलों को हिदायतें व दिशा-निर्देश जारी करते हुए सलाह दी गई है, कि वे किसी भी रूप में चुनाव अभियानों में बच्चों का उपयोग न करें। बच्चों का उपयोग पोस्टर/पम्पलेट का वितरण या नारेबाजी, अभियान रैलियों, चुनाव बैठकों आदि में करना बिल्कुल गलत है। उन्होंने बताया कि किसी भी तरीके से राजनीतिक अभियान के लिए बच्चों का उपयोग नहीं किया जा सकता। बच्चों से कविता, गीत, बोले गए शब्दों के माध्यम से उपयोग, राजनीतिक दल व उम्मीदवार के प्रतीक चिन्ह का प्रदर्शन, राजनीतिक दल की विचारधारा का प्रदर्शन व किसी की उपलब्धियों को बढ़ावा देना गलत है। डीसी विक्रम सिंह ने स्पष्ट किया कि है की किसी राजनीतिक नेता के निकट अपने माता-पिता या अभिभावक के साथ एक बच्चे की उपस्थिति और जो राजनीतिक दल द्वारा किसी भी चुनाव प्रचार गतिविधि में शामिल नहीं है, उसे दिशा-निर्देशों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को बाल श्रम (निषेध और विनियमन) की कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने बताया कि जिला में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए सभी दिशा निर्देशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाएगी।

## शरद फाउंडेशन ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

Faridabad/Alive News

सेक्टर 21 स्थित अपने कार्यालय पर शरद फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रेडक्रॉस और रक्त केंद्र संत भगत सिंह जी महाराज चैरिटेबल हॉस्पिटल की टीम द्वारा सहयोग दिया गया। रक्तदान शिविर में चैरिटेबल हॉस्पिटल की ओर से डॉ. गीता नागपाल, नर्स कविता, बबली, विनीत कुमार और भूपेंद्र ने रजिस्ट्रेशन और जांच प्रक्रिया को पूरा किया। इस रक्तदान शिविर फाउंडेशन के फाउंडर डॉ. एस.एन पांडेय, ट्रस्टी दीपक शर्मा ने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। इसके अलावा फ्रांस से आई नर्स मैरियन और उनकी टीम ने रक्तदान शिविर में अपना सहयोग दिया।संस्था की चेयरपर्सन डॉ. हेमलता ने बताया कि फाउंडेशन समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन करती आ रही है। उन्होंने रक्तदाताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है और जीवन बचाने वाला पुण्य कार्य है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन के लिए रक्त बहुत महत्व रखता है। इसे किसी मशीन या अन्य टेक्नोलॉजी से बनाया नहीं जा सकता। रक्त सिर्फ इच्छुक रक्तदाताओं द्वारा बीमार, एक्सीडेंट में घायल व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान शिविर में 14 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया और संत भगत सिंह चैरिटेबल हॉस्पिटल के रक्त केंद्र में रखवा दिया गया है। फाउंडेशन के फाउंडर डॉ. एस. एन पांडे ने भी सभी रक्तदाताओं को रक्तदान करने पर शुभकामनाएं दी और कहा कि भविष्य में समाज के काम आने के लिए युवाओं को तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में कोई समस्या पैदा नहीं होती। हर स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान करके किसी



भी व्यक्ति की जान बचा सकता है। उन्होंने कहा जिस भी युवा की आयु 20 वर्ष एवं वजन 50 किलो से अधिक होने के साथ-साथ वह स्वस्थ हो तो वह रक्तदान कर सकता है। इस रक्तदान शिविर में अपने जीवन में पहली बार रक्तदान करने वालों में वरिष्ठ पत्रकार दीपक शर्मा और अध्यापक राजीव शर्मा रहे। इन्होंने सभी युवाओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित भी किया।

# युवाओं द्वारा युवाओं के लिए युवा संसद का आयोजन

Faridabad/Alive News

नेहरू युवा केंद्र फरीदाबाद (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) एवं जज्बा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में वीरवार को जिला स्तरीय आस- पड़ोस युवा संसद 2024 का आयोजन डी. ए. वी. शताब्दी महाविद्यालय एन. आई. टी. 3 के सभागार में सभी अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का विषय विकसित भारत 2047 रहा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में बड़खल विधानसभा की विधायिका सीमा त्रिखा मौजूद रही। प्रथम तकनीकी सत्र में ज़िला युवा अधिकारी प्रियंका मालिक ने युवाओं को माई भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन एण्ड ब्रीफिंग से संबंधित जानकारी दी और युवाओं से इस पोर्टल से जुड़ने व उनके पंजीकरण करने व अन्य युवाओं के पंजीकरण करने की बात रखी। इसी के साथ साथ उन्होंने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व के गुणों का विकास करना है ताकि वो अपनी पूरी क्षमता का एहसास कर सकें तथा राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में योगदान कर सकें। इसका उद्देश्य युवाओं को उनके संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने और उन्हें विकास प्रक्रिया में सबसे आगे लाने के लिए प्रेरित करना




और राष्ट्रीय निर्माण के लिए अपार युवा ऊर्जा का उपयोग करना है। इस वर्ष आस-पड़ोस युवा संसद का आयोजन विकसित भारत में युवाओं की भूमिका को ध्यान में रखते हुए नेहरू युवा केंद्र संगठन के द्वारा पूरे भारतवर्ष में किए जा रहे हैं। मुख्यातिथि के रूप आई बड़खल विधानसभा की विधायिका सीमा त्रिखा ने युवाओं के बीच विधानसभा की कार्यप्रणाली का अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने स्वयं की कार्यशैली के बारे में अवगत कराते हुए पक्ष-विपक्ष को कैसे संसद की गरिमा को बनाये रखना है, उसपर प्रकाश डाला। इसके बाद प्रतिभागियों का पुरस्कार वितरण कर उत्साहवर्धन किया । अंत मे जज्बा फाउंडेशन के चेयरमैन ने जानकारी देते हुए बताए कि आज के इस सत्र में युवाओं के साथ प्रभा सोलंकी के द्वारा महिला शक्तिकरण के बारे चर्चा की गई वही इसी के साथ-साथ प्रवेश मालिक के द्वारा विकसित भारत 2047 पे चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान मॉक पार्लिमेंट का भी आयोजन किया गया जिसमें युवाओं के द्वारा प्रदूषण के मुद्दे पर एक दूसरे को संसद की कार्यवाही में घेरने का कार्य किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में डी. ए. वी. शताब्दी महाविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग व केशब गौर, नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवक दीपक शर्मा, गौरव गुप्ता, हिमांशु भट्ट, राहुल वर्मा, कृपन आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एकलव्य क्विज प्रतियोगिता के लिए राजकीय आदर्श विद्यालय की टीम पहुंची पुणे



Faridabad/Alive News

सराय ख्वाजा फरीदाबाद की राजकीय आदर्श विद्यालय की टीम ने स्टेट लेवल एकलव्य क्विज में प्रथम रह कर नेशनल लेवल एकलव्य क्विज में प्रतिभागिता करने का सुअवसर प्राप्त किया है तथा टीम पुणे में प्रतिभागिता करने के लिए पहुंच चुकी हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा ने कहा कि हरियाणा राज्य स्तरीय एकलव्य क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नेशनल लेवल क्विज में विद्यालय के छात्रों एवम छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य मनचंदा ने लेडी बैमफोर्ड चेरिटेबल ट्रस्ट एवम जे सी बी इंडिया के वरिष्ठ सी एस आर अधिकारियों और प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर अमजद खान का भी आभार व्यक्त करते हुए अभिनंदन किया। उन्होंने सभी चारों छात्रों ऋषभ, आदर्श एवम छात्राओं रिया और चांदनी की अच्छे से तैयारी करवाने के लिए अध्यापिका शालिनी, सुदेश, अजय गर्ग और जसबीर सिंह एवम सभी स्टाफ सदस्यों का भी अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया। विद्यालय के प्रतिभागी विद्यार्थियों को लेडी बैमफोर्ड चेरिटेबल ट्रस्ट तथा जे सी बी इंडिया द्वारा स्टेट लेवल में प्रथम पुरस्कार में एक एक बायसाइकिल और एक एक बैग प्रदान किया गया।

# बच्चों की आखों का हर 6 महीने में चेकअप करवाना चाहिए : डॉ आकृति

इस रंग-बिरंगी दुनिया को देखने में आंखों का बहुत ही अहम रोल हैं। इसलिए आंखों को सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है। आंखों को लेकर की गई छोटी सी लापरवाही भी जिंदगी भर का पछतावा दे सकती हैं। आंखों पर किसी भी चीज़ का प्रभाव बहुत जल्दी पड़ता है। आजकल दिन भर कंप्यूटर के सामने बैठकर काम करने या मोबाइल चलाने के कारण भी सिरदर्द के साथ आंखों में दर्द होने लगता है। प्रदूषण, देर रात तक जगना और मोबाइल फोन का ज्यादा इस्तेमाल आंखों से जुड़ी समस्याओं को बढ़ा रहा है। कम उम्र में ही आंखों की रोशनी कम होना एक आम बात हो गई है। लेकिन कई बार आंखों से जुड़ी कुछ समस्याएं हमारे बुरे स्वास्थ्य का संकेत हो सकती हैं। इस पर हमारी **संवाददाता निधि कुशवाह ने एनआईटी पांच स्थित आस्था आई केयर सेंटर की डॉ आकृति** से बातचीत की, उसके कुछ महत्वपूर्ण बिंदु इस प्रकार हैं।

**प्रश्न- आंखें में अक्सर सूज आ जाती है क्या कारण होता है?**

**उत्तर-** उम्र बढ़ना, नींद की कमी, किसी चीज से एलर्जी होना या शराब का अत्याधिक सेवन करने से आंखों में सूजन होना आम बात है। लेकिन कई बार शरीर में ब्लड शुगर लेवल बढ़ने, प्री-डायबिटीज या डायबिटीज के कारण भी लोगों की आंखों में सूजन की समस्या हो सकती है। ऐसे में डॉक्टर से जांच जरुर करवाएं।

**प्रश्न- शुरुआती दौर में मोतियाबिंद का पता कैसे लगता है?**

**उत्तर-** धीरे-धीरे विजन कम होने लगती है। लाइट की तरफ देखने के बाद लाइट फैल जाती है इसकी वजह से ड्राइविंग में दिक्कतें आती हैं। दिखना काम हो जाता है और पास के काम में भी दिक्कत आने लगती है। ऐसे में सर्जरी के मरीज और बीपी के मरीज में ज्यादा चांस मोतियाबिंद होने के होते हैं। ऐसी कंडीशन में रेगुलर बेस पर चेकअप करवाते रहना चाहिए। बच्चों का हर 6 महीने में चेकअप करवाना चाहिए। मोतियाबिंद में सर्जरी भी होती है लेकिन बच्चों के लिए 18 साल के बाद की जाती है।

**प्रश्न- छोटे बच्चों में मोतियाबिंद की शुरूआत का पता कैसे लगाया जा सकता है?**

**उत्तर-** अक्सर 2 से 5 साल के बच्चें आंखों की समस्या बता नहीं पाते, लेकिन उसका अनुमान



तब लगाया जा सकता है जब बच्चा किताबें पास से पढ़ रह है तो देखा गया है कि उसकी दूर की विजन काम हो रही है, पढ़ते समय, टीवी देखते समय आंखों से पानी आने लगता है। इत्यादि लक्षण होते हैं।

**प्रश्न- सोशल मीडिया पर सुझाए गए नुस्को का इस्तेमाल करना कितना सही है?**

**उत्तर-** मैं ये कभी भी सुझाव नही दूंगी कि जो नुस्खे आंखों को लेकर सोशल मीडिया पर चल रहे अपनाना चाहिए। आंखें शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। मैं बताना चाहती हूं कि प्रत्येक व्यक्ति की प्रकृति ने संरचना अलग की है। भले ही दो व्यक्तियों के सिम्टम्स एक जैसे हो फिर भी दोनों की परेशानी अलग हो सकती है, परन्तु डॉक्टर से सुझाव जरूर लें। तभी किसी दवा का इस्तेमाल करें।

**प्रश्न- डॉक्टर एनसीआर में पॉल्यूशन अधिक है ऐसे में अपनी आंखों को कैसे बचाएं?**

**उत्तर-** पॉल्यूशन से अपनी आंखों को बचाने के लिए सनग्लास का इस्तेमाल करना चाहिए। गंदे हाथों से आंखों को न छुए, अपना तौलिया किसी और के साथ शेयर न करें। डॉक्टर के सुझाव के बिना कोई भी आई ड्रॉप आंखों में न डालें।

**प्रश्न- डॉक्टर अचानक आंखों में दर्द की समस्या का उत्पन्न होना, क्या कारण हो सकता है?**

**उत्तर-** आंखों में चोट की वजह से दर्द हो सकता है। आंखों की कई बीमारियां दर्द बढ़ा सकती है। आंखों में दर्द होने का मतलब है कि आंखें पर ज्यादा दबाव पड़ रहा हैं। ऐसे में डॉक्टर से जांच करानी चाहिए अन्यथा देरी होने पर आंखों की रोशनी भी जा सकती है।

**प्रश्न- डॉक्टर की लोगों की आंखे सुख जाती है, किस कारण से होता है?**

**उत्तर-** ऐसा अक्सर तब होता है जब आंखें पर्याप्त अच्छी गुणवत्ता वाले आंसू नहीं बना पाती हैं। आंखों में जलन होती है। हार्मोनल बदलावों के कारण, उम्र बढ़ने के साथ-साथ लोगों को कम आँसू आते हैं। ये पुरुष और महिला दोनों की आंखों में हो सकता है।

**प्रश्न- कोल्ड, कफ, फीवर के मरीज अपनी आंखों का ध्यान कैसे रखें?**

**उत्तर-** कोल्ड, कफ और फीवर हो तो इसमें यह सही रहेगा कि जो रुमाल हम अपनी नाक को साफ करने में कर रहे हैं उसी से अपनी आंखों को साफ ना करें। इससे हमारी आंखों में इंफेक्शन होने का खतरा बना रहता है।

Haryana News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@gmail.com
website: www.alivenews.co.in

## संक्षिप्त समाचार

# राजकीय आदर्श माध्यमिक विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गुलशन सम्मानित



**Faridabad/Alive News**

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने विद्यालय की ग्यारहवीं कक्षा के छात्र गुलशन को विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। विद्यालय के छात्र गुलशन को सम्मानित करते हुए प्रधानाचार्य मनचंदा ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं एवम गतिविधियों में सभी विद्यार्थियों को प्रतिभागिता के लिए तैयार किया जाता है । विद्यालय स्तर पर प्रथम रहने वाले छात्र छात्राओं को ब्लॉक लेवल तथा इसी प्रकार से जिला एवम राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता का अवसर मिलता है। छात्र गुलशन को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने पर विद्यालय परिसर मे आज स्मृति चिन्ह एवम प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। गुलशन को प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा, सुशीला बेनीवाल और प्राध्यापक पवन ने स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित व्यू किया। प्राचार्य और स्टाफ सदस्यों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

# खट्टर सरकार ने किसानों का सबसे ज्यादा नुकसान किया: डॉ. सुशील गुप्ता

**Chandigarh/Alive News**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र से हरियाणा और भारत में युग परिवर्तन होगा। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश का किसान परेशान है। प्रधानमंत्री को उनका वादा याद दिलाने के लिए दिल्ली जाना चाहते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री खट्टर ने भारत पाकिस्तान बॉर्डर से भी ज्यादा बाड़ लगा दिए। आंसू गैस के गोले चलवा रहे हैं और गोली चलवा रहे हैं। भाजपा सरकार ने किसानों को एक साल से ज्यादा समय तक बॉर्डरों पर बैठा कर रखा। 750 से ज्यादा किसानों ने शहादत दी। किसान एमएसपी के लिए खट्टर सरकार की गोलियां खा रहा है और किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं। धारा 307 के तहत मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री खट्टर ने पहले भी आंदोलनकारी किसानों की जड़ें चीन और पाकिस्तान में बताई थी।

उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार किसानों को रास्ता देना का काम करे। हरियाणा के किसानों और व्यापारियों का नुकसान करने का काम न करे। इससे पहले भी दो साल पहले किसानों का रास्ता रोकने का काम किया था, अब फिर प्रदेश की जनता और व्यापारियों का रास्ता रोकने का काम कर रहे हैं। कुरुक्षेत्र लोकसभा के सभी हलकों में किसानों ने कहा कि खट्टर सरकार किसानों के साथ दुश्मनी का व्यवहार कर रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत मुकद्दमे दर्ज करने की धमकी दे रही है।



उन्होंने कहा कि दूसरी तरफ दिल्ली सरकार ने केन्द्र सरकार को अपने स्टेडियम देने से मना कर दिया ताकि किसानों के लिए जेल न बने और पंजाब सरकार ने शुभकरण को शहीद का दर्जा दिया। एक करोड़ रूपए सम्मान राशि दी और उसकी बहन को सरकारी नौकरी दी। आज क्षेत्र की जनता सब देख रही है। अब जनता लोकसभा चुनाव में इस चोट का जवाब वोट से देगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा के सांसद नायब सैनी गायब सैनी बनकर रह गए हैं। वे जनता के बीच वोट लेकर कभी आए ही नहीं है। इसको लेकर कुरुक्षेत्र लोकसभा की जनता में भरी रोष है। आने वाले चुनावों में जनता बीजेपी की जमानत जब्त करवाने का काम करेगी। आज बीजेपी से प्रदेश का हर वर्ग ग्रस्त है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने दोबारा सड़कों पर उतरने की तैयारी कर ली है। खट्टर सरकार के झूठ और जुलमों से जनता भरी बैठी है। जनता ने बीजेपी से चुनावों में हिसाब चुकता करने का मन बना लिया है।

उन्होंने पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ÷इंडिया÷ गठबंधन की मजबूत साझेदार है। उनकी लोकसभा चुनाव को लेकर पूर्व मंत्री हरमिंदर सिंह चट्ठा, संदीप ओमकार, कंवरजीत सिंह, अमनदीप चीमा, हरप्रीत सिंह चीमा, लाडवा से पूर्व मंत्री रमेश गुप्ता, कैथल से सुदीप सुरजेवाला, पूर्व मंत्री अनिल सुरेवाला, पुंडरी से कंवरपाल करोड़ा, पूर्व मंत्री नरेंद्र शर्मा और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश जेपी से हुई है। सभी कांग्रेस नेताओं ने कुरुक्षेत्र लोकसभा चुनाव में पूर्ण रूप से समर्थन कर मजबूती से चुनाव लड़ने की बात कही है। उन्होंने कहा इंडिया गठबंधन भाजपा का सूपड़ा साफ करने का काम करेगा।

# आईएएस संजय जून ने फरीदाबाद डिविजनल कमिश्नर के तौर पर संभाला पदभार

**Chandigarh/Alive News**

आईएएस संजय जून वर्ष 2003 बैच के बैच ने मंगलवार को फरीदाबाद के डिविज़नल कमिश्नर का कार्यभार संभाल लिया है। मण्डल आयुक्त संजय जून का सर्वप्रथम उन्हें गॉड ऑफ़ ओनर से उनको सम्मानित किया गया।

वर्ष 2003 बैच के आईएएस आयुक्त संजय जून ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जन हितैषी नीतियों का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से शुरू किए गए विकास कार्यों को त्वरित गति देते हुए निर्धारित समय सीमा में पूरा कराना उनका पहला लक्ष्य है।

बता दें कि आईएएस फरीदाबाद आयुक्त संजय जून हरियाणा सरकार में खाद्य एवं आपूर्ति, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण व पंचायती राज विभाग में निदेशक के पद पर भी सेवाएं दे चुके हैं। इसके अलावा इन्होंने जिला मेवात, कैथल और जिला झज्जर में डीसी पद, फ़रीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण के सी.ई.ओ, प्रबंध निदेशक, हरियाणा राज्य सहकारी चीनी मिल संघ और महानिदेशक, सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण हरियाणा और सचिव, सरकार, हरियाणा, सैनिक अर्ध सैनिक कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग के सचिव, मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तौर पर और सीईओ, आयुष्मान भारत हरियाणा स्वास्थ्य संरक्षण प्राधिकरण को वित्त विभाग के सचिव के पद पर बेहतर सेवाएं दे चुके हैं। इस मौके पर एडीसी आनंद शर्मा, सीटीएम अंकित कुमार भी मौजूद रहे। जहां उन्होंने फरीदाबाद मण्डल आयुक्त संजय जून का गर्मजोशी से स्वागत किया।

**वर्ष 2003 बैच के आईएएस आयुक्त संजय जून ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जन हितैषी नीतियों का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना है।**

# हाफ मैराथन में दिल से दौड़े स्मार्ट सिटी के लोग

**Faridabad/Alive News**

सूरजकुंड ग्राउंड से आज हाफ मैराथन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया। नशे के खिलाफ युवाओं में जागरूकता के उद्देश्य से मैराथन का आयोजन किया गया है।

सूरजकुंड के मैदान पर फरीदाबाद हाफ मैराथन का सफल आयोजन हरियाणा टूरिज्म, जिला प्रशासन एवं पुलिस के सहयोग संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर मैराथन ने रविवार सुबह मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन में ओलंपिक खिलाड़ी मैरी कॉम व मनु भाकर ,नितिन खुराफाती सहित अन्य सितारे पहुंचे। फरीदाबाद में आयोजित इस हाफ मैराथन में एक लाख से ज्यादा लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया वहीं दूसरे देशों के




लोग भी इस कार्यक्रम में शामिल रहे।

मैराथन को सफल बनाने के लिए पुलिस द्वारा उचित सुरक्षा प्रबंध किए गए जिसमें पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के निर्देशानुसार पुलिस ड्युटिया लगाई गई।फरीदाबाद हाफ मैराथन को लेकर लोगों में जमकर उत्साह देखा गया। भाग लेने वाले सभी लोगों के लिए टी-शर्ट और किट की व्यवस्था की गई। मैराथन में 21 किलोमीटर व 10 किलोमीटर की दौड़ हुई। 5 किलोमीटर फन मैराथन भी हुई।

21 व 10 किलोमीटर दौड़ में शामिल होने वालों को डिजिटल रियल टाइम सर्टिफिकेट, वहीं पांच किलोमीटर में हिस्सेदारी करने वालों को भी पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट दिया गया। पुलिस चौकी संजय कॉलोनी में तैनात हवलदार विकास ने 2 घंटे में 21 किलोमीटर मैराथन दौड़ी जिसपर उन्हें मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

# हरियाणा के पांच हजार से अधिक स्कूलों को शोकॉज नोटिस जारी, 24 घंटे में स्पष्टीकरण देने का आदेश

**Chandigarh/Alive News**

आरोही कॉमन, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, मॉडल संस्कृति, पीएम श्री और सर्वपल्ली राधाकृष्णन लैब स्कूलों सहित कम से कम 5,547 (लगभग 40त्न) सरकारी स्कूलों को शिक्षा विभाग शोकॉज नोटिस जारी करने जा रहा है। इसकी वजह यह है कि इन स्कूलों द्वारा अभी तक सरकारी पोर्टल पर डुअल डेस्क की जानकारी अपडेट नहीं की है। शिक्षा विभाग के आदेश में स्कूलों के प्रधानों को 24 घंटे में स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। सबसे ज्यादा कुरुक्षेत्र में 524 ऐसे स्कूल हैं, जिन्होंने विभागीय आदेशों का उल्लंघन किया है।

**जानकारी देने के लिए आज लास्ट डेट**

शिक्षा विभाग के आदेशों में जानकारी देने के लिए विभाग ने 29 फरवरी लास्ट डेट दी थी, लेकिन 39.74 प्रतिशत इस संबंध में स्कूलों ने अभी तक अपनी अंतिम जानकारी जमा नहीं की है, जो निदेशालय के आदेशों का स्पष्ट अपमान है। अब, समय सीमा से पहले ऐसा करने में विफल रहने वाले स्कूल प्रमुखों को



कारण बताओ नोटिस जारी करने के सख्त निर्देश के साथ पोर्टल पर जानकारी अपडेट करने की अंतिम तिथि 4 मार्च यानी आज तक बढ़ा दी गई है।

**1 साल पहले सरकार ने दिया था आदेश**

हरियाणा शिक्षा विभाग के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि एक साल से अधिक समय पहले, राज्य सरकार ने राज्य के सभी 14,156 सरकारी स्कूलों में डुअल डेस्क प्रदान करने का निर्णय लिया था। तब सभी स्कूलों को दोहरी डेस्क की उपलब्धता की स्थिति और आगे की आवश्यकताओं को प्रदान करने के लिए कहा गया था, ताकि अधिक डेस्क उपलब्ध कराए जा सकें। इसके बाद भी इस मामले में स्कूलों के प्रधानों के द्वारा जानकारी देन में लापरवाही बरती जा रही है।

**इन जिलों से नहीं आई जानकारी**

जानकारी नहीं देने में कुरुक्षेत्र जिला नंबर वन पर है। यहां के 524 स्कूलों द्वारा डुअल डेस्क के बारे में जानकारी अपडेट नहीं की गई है, इसके बाद 465 स्कूलों के साथ यमुनानगर, 444 स्कूलों के साथ महेंद्रगढ़ और 429 स्कूलों के साथ करनाल है। सोनीपत सबसे निचले पायदान पर है, जहां केवल तीन स्कूलों ने अभी तक जानकारी अपडेट नहीं की है, इसके बाद चरखी दादरी में 63, पंचकुला में 121 और फरीदबाद में 138 स्कूल हैं।

## मानव रचना

# यूनिवर्सिटी में प्रतियोगिता का आयोजन




**Faridabad/Alive News**

मानव रचना विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ की ओर से जस्टिस आर.सी. लाहोटी मेमोरियल मूट कोर्ट प्रतियोगिता-2024 का सफल आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में देशभर के लॉ स्कूलों से 16 प्रतिष्ठित टीमों ने भाग लेकर विविध कानूनी समझ, प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन किया। मानव रचना शैक्षणिक संस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत भल्ला ने सलाहकार बोर्ड के संस्थापक सदस्य के रूप में जस्टिस आरसी लाहोटी की महत्वपूर्ण भूमिका और उनकी स्मृति में आयोजित होने वाली मूट कोर्ट प्रतियोगिता के महत्व पर प्रकाश डाला। एमआरयू के कुलपति डॉ. आई.के. भट्ट ने आर.सी. लाहोटी के जीवन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातें साझा की। भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस यू.यू. ललित और एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड, दिव्यकांत लाहोटी ने कानूनी और शैक्षणिक क्षेत्रों में जस्टिस लाहोटी के योगदान के बारे में विस्तार से चर्चा की।

प्रतियोगिता के प्रारंभिक दौर में आमंत्रित विशिष्ट अतिथि न्यायाधीशों ने भाग लेने वाली टीमों को उनकी भागीदारी और विचारों के लिए सराहा। फाइनल राउंड की अध्यक्षता प्रतिष्ठित चार सदस्यीय न्यायाधीश पैनल ने की, जिसमें भारत के सर्वोच्च न्यायालय के वकील डॉ. पवन दुग्गल, सुधीर शर्मा, सी एंड एस पार्टनर्स के वरिष्ठ भागीदार- गेल (इंडिया) लिमिटेड में वरिष्ठ प्रबंधक (कानून)भुवन यादव और मनिंदर सिंह, वरिष्ठ वकील शामिल रहे।

प्रतियोगिता में ट्रिनिटी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन के साथ विजेता का खिताब जीता, जबकि बेनेट यूनिवर्सिटी की महिला टीम उपविजेता रही। ट्रिनिटी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज की सुश्री रक्षिता सिंह को सर्वश्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार मिला। बेनेट यूनिवर्सिटी ने सर्वश्रेष्ठ मेमोरियल (प्रतिवादी) का पुरस्कार हासिल किया और फेयरफील्ड इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी ने सर्वश्रेष्ठ मेमोरियल (अपीलकर्ता) का पुरस्कार हासिल किया। सभी विजेता प्रतिभागियों और टीमों को कुल 80 हज़ार रुपये के नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# मंगलवार को भी घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी: डीसी

**Faridabad/Alive News**

डीसी विक्रम सिंह ने कहा जिला में 0 से 5 साल तक आयु के बच्चों को सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार रविवार को स्वास्थ विभाग द्वारा जिला में पोलियो ड्राप्स अभियान के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि 0 से 5 साल के सभी बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि सोमवार को स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग की वालिंटियर टीमें घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो ड्राप्स पिलाई गई। ताकि ऐसा एक भी जीरो से 5 वर्ष तक आयु का बच्चा जिला में पोलियो ड्राप्स पिए बिना ना रहे। उन्होंने कहा कि यह ड्राप्स बच्चों को बहुत बड़ी बीमारी से बचाव के लिए जरूरी है। पोलियो बीमारी बड़ी तेजी से एक से दूसरे बच्चों में फैलती है। इसलिए पोलियो ड्रॉप बच्चों को पिलाना अति आवश्यक है। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार रविवार को पोलियो मुक्त अभियान के तहत नन्हे बच्चों को पोलियो ड्रॉप की दो बूंद खुराक पिलाकर शुरुआत की गई थी। उन्होंने कहा कि भारत पोलियो मुक्त अभियान में सुरक्षा चक्र टूट न जाए इसलिए भारत सरकार के इस अभियान में नन्हे बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाती है। उन्होंने कहा कि रविवार से तीन दिन अभियान चलेगा। पोलियो ड्राप्स जिला के विभिन्न सरकारी बूथों पर रविवार को पिलाई गई। वहीं आज और कल घर-घर जाकर यह खुराक पिलाई जाएगी।

सीएमओ डॉक्टर विनय गुप्ता ने कहा कि सरकार की हिदायतों के अनुसार जिला में 0 से 5



साल तक की आयु के लगभग 364165 बच्चों को 1584 बूथों पर पोलियो ड्रॉप्स पिलाना सुनिश्चित की गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनय गुप्ता ने कहा कि जिला में घुमन्तु जातियों के हाईरिस्क क्षेत्र है। जहां माईग्रेटरी अधिक है। माइग्रेटिड, स्लम, नोर्मड, ईट भट्टों और कंट्रक्शन सहित 1767 साइटें जिला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित की गई थी। वहां पर जाकर बच्चों को पोलियो ड्राप्स पिलाना सुनिश्चित की गई है । उन्होंने कहा कि जिस अधिकारी और कर्मचारी की जो ड्यूटी सुनिश्चित की गई थी, उन्होंने इस कार्य को गंभीरता से पूरा सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पोलियो ड्रॉप्स, ईट भट्टों, झुग्गी झोपड़ियों सहित तमाम स्थानों पर जाकर माइग्रेट फैमिली व कंस्ट्रक्शन साइटों सहित घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाना सुनिश्चित की गई है। पोलियो अभियान के नोडल अधिकारी डॉक्टर रचना और डॉक्टर संगीता ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि जिला में जीरो से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्राप्स पिलाई जा रही है। जिला में पोलियो ड्राप्स पिलाने के लिए स्वास्थ्य तथा अन्य विभाग के कर्मचारियों की 1647 टीमें बनाई गई थी। वे टीमें 0 से 5 साल तक के बच्चों के जिला फरीदाबाद में 633838 घरों में दस्तक देकर बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला फरीदाबाद में 1647 टीमों में बनाकर 4958 कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा 145 ट्रांजिट टीमें और 120 मोबाइल टीमों का गठन किया गया है।

# शिखा आंतिल ने संभाला एसडीएम फरीदाबाद का कार्यभार



**Faridabad/Alive News**

वर्ष 2016 बैच की एचसीएस अधिकारी शिखा आंतिल ने गुरुवार को एसडीएम फरीदाबाद का कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले वह फरीदाबाद में ही नगर निगम के ओल्ड जोन की संयुक्त आयुक्त के पद पर कार्यरत थी। इससे पहले वह एसडीएम झज्जर, एसडीएम खरखौदा व झज्जर में जिला परिषद की सीईओ के पद पर भी नियुक्त रह चुकी हैं। एसडीएम पद पर ज्वाईनिंग के बाद उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को प्रदान करना है।

# सवेदनशील और अति सवेदनशील पोलिंग बूथ पर तैनात होंगे माइक्रो ऑब्जर्वर

**Faridabad/Alive News**

डीसी कम जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि 18वीं लोकसभा चुनाव के दौरान समाचारों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उम्मीदवारों को मतदान या मतदान के पहले दिन विज्ञापन छपवाने की अनुमति लेनी होगी। वहीं डीसी विक्रम सिंह ने प्रशिक्षण कार्यशाला में मीडिया मॉनिटरिंग मैनेजमेंट कमेटी की जिम्मेदारी और दायित्व की भी जानकारी विस्तार पूर्वक दी। डीसी विक्रम सिंह सोमवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार निर्वाचन विभाग की ओर से आयोजित सेक्टर-12 स्थित कैन्वैशन हाल में 18वीं लोकसभा चुनावों में अधिकारियो को कर्मचारियों को बेहतर तरीके से चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे थे। प्रशिक्षण कार्यशाला में चुनाव के दौरान मीडिया प्रबंधन को लेकर चुनाव आयोग के नियमों के बारे में बताया गया। डीसी विक्रम सिंह ने कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों की अनुसार पहले दिन से सौंपी गई ड्यूटी पर सक्रिय तरीके से सभी चीजों का और अपनी जिम्मेदारियों का खास ख्याल रखना है। किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। अच्छे से अपनी ट्रेनिंग ले और हर प्रकार के डाउट्स अपने क्लियर कर लेने चाहिए। ताकि चुनाव प्रक्रिया के मौके पर परेशानियां न हो। उन्होंने कहा कि संवेदनशील और अति संवेदनशील पोलिंग बूथ पर माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किए जाएंगे। जो चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी तमाम जानकारियों की बारीकी से स्थिति का जाएजा लेंगे।

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से चुनाव प्रचार के दौरान व्यय करने वाली सामग्री की दरें तय कर दी जाएगी । इसमें ऐसा कोई सामान नहीं है, जिसे उम्मीदवार उपयोग करेंगे तो उनका खर्चा उसके खाते में न जोड़ा जाए। वहीं



प्रत्याशी द्वारा होने वाले सभी का व्यय उसके चुनावी खर्च में जोड़ा जाएगा।

**कितना खर्च कर सकते हैं चुनाव में उम्मीदवार**-डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा उम्मीदवार चुनाव कमीशन ऑफ़ इंडिया ने उम्मीदवारों के खर्च किए एक सीमा तय की है। लोकसभा चुनाव के प्रसार में बड़े राज्यों के लोकसभा सीट का कैंडिडेट अधिकतम 95 लाख खर्च कर सकता है। वहीं छोटे राज्यों के लिए सीमा 75 लाख रुपये तय की गई है। डीडीपीओ कैप्टन प्रदीप कुमार ने कार्यशाला में बताया कि जिला प्रशासन सी विजिल सॉफ्टवेयर का इस्तमाल पूर्ण रुप से करेगा। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा विकसित एक मोबाइल एप्लिकेशन है। जो नागरिकों को चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन की रिपोर्ट करने में सक्षम बनाता है। नागरिक इस एप का इस्तेमाल अपने मोबाइल फोन द्वारा कर सकते है। प्रशिक्षण कार्यशाला में डीडीपीओ प्रदीप कुमार ने पीपीटी के माध्यम से क्रमवार बताया कि चुनाव के दौरान समाचार पत्र, टीवी चैनल, लोकल केबल टीवी, सोशल मीडिया आदि में समाचारों की सुचि बरकरार रहनी चाहिए। कोई भी फेक या पेड न्यूज मीडिया में नहीं आनी चाहिए। कोई भी संचार माध्यम भ्रामक समाचार प्रसारित करता है।

तो चुनाव आयोग उसके खिलाफ कार्यवाही कर सकता है। चुनाव के दौरान राज्य स्तर पर और जिला स्तर पर मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी इस बात का ध्यान रखती है कि कहीं कोई प्रचार माध्यम में कोई अफवाह या गलत समाचार तो नहीं प्रसारित किया जा रहा, जिससे चुनाव में मतदाता भ्रमित होता हो। विज्ञापन या समाचार को लेकर किसी प्रकार की शिकायत है तो उसके लिए निर्वाचन विभाग ने 1950 टोल फ्री नंबर जारी किया हुआ है। चुनाव के समय मतदान से पहले वाले दिन और मतदान के दिन किसी भी उम्मीदवार को टीवी चैनल या अखबार में विज्ञापन प्रसारित करवाना है तो उसके लिए एमसीएमसी कमेटी से प्री सर्टिफिकेट लेना होगा। उन्होंने बताया कि इस विज्ञापन के लिए भारत निर्वाचन आयोग से रजिस्टर्ड राजनैतिक पार्टी के उम्मीदवार को तीन दिन पहले और बाकी उम्मीदवारों को सात दिन पहले कमेटी के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा। कमेटी विज्ञापन सामग्री की जांच कर दो दिन में अपनी स्वीकृति या अस्वीकृति प्रदान करेगी।

उन्होंने बताया कि चुनाव की मीडिया कवरेज के लिए मीडिया कर्मियों को दो तरह के पास जारी किए जाएंगे। इनमें से एक मतदान के दिन के लिए होगा और दूसरा मतगणना के लिए जारी किया जाएगा। वहीं पंपलेट, इश्तहार, बैनर, एलईडी आदि विज्ञापन सामग्री के लिए भी चुनाव आयोग ने अपनी दरें निर्धारित की हुई हैं। उन्हीं के अनुसार उम्मीदवार के चुनाव खर्च में धनराशि को जोड़ा जाएगा। निर्वाचन आयोग ने मतदाता जागरूकता के लिए भी स्वीप नाम से अभियान चलाया हुआ है। इससे जुड़े समाचारों को विशेष प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

**-कार्यशाला में यह आधिकारी रहे उपस्थित**

चुनाव प्रशिक्षण कार्यशाला में डिप्टी सीईओ परमेन्दर सिंह, चुनाव तहसीलदार सहित अन्य पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी प्रशिक्षण शिविर में मौजूद रहे।

Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@gmail.com
website: www.alivenews.co.in

# कार्यशाला में अधिकारियों ने चुनाव के दौरान उनके दायित्व और जिम्मेदारियों के बारे में जाना

Faridabad/Alive News



जिलाधीश विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने कहा कि लोकतंत्र को मजबुत बनाने में प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों की अहम भूमिका होती है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 18वीं लोकसभा के लिए आदर्श आचार संहिता की घोषणा के तुरंत बाद अधिकारियों को इसके लिए अपने आप को पूरी तैयारी करना होगा। लोक सभा चुनाव पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता से कराना हम सब की जिम्मेदारी बनती है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने सभी अधिकारियों को गंभीरता पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिये हैं। सीईओ जिला परिषद सतबीर मान आज वीरवार को सैक्टर-12 के कन्वेंशन हाल में आयोजित इस संदर्भ में अधिकारियों को दिये जा रहे प्रशिक्षण में भारत निर्वाचन आयोग की प्रकिया के बारे में प्रशिक्षण दे रहे थे।

सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने कहा कि हमें चुनाव के लिए मानसिक रूप से पहले तैयार होना चाहिये। निष्पक्ष चुनाव के लिए हमें बहुत चुनाव की हैंड बुक का अध्ययन करना होगा। इनका अध्ययन अभी से गम्भीरता करना होगा। वहीं पुलिस और प्रशासनिक आपसी तालमेल करके चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी सभी गतिविधियों को बेहतर तरीके से क्रियान्वित करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिन अधिकारियों की आगामी लोकसभा आम चुनाव- 2024 में ड्यूटियां लगाई गई हैं। उन अधिकारियों के दायित्व के बेहतर क्रियान्वयन के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है । जिसमें उनकी ड्युटियों और उनके जिम्मेवारियों के बारे में उन्हें विस्तार पूर्वक ट्रेनिंग दी गई है। जिलाधीश विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार आज ट्रेनिंग कार्यक्रम लोकसभा आम चुनाव- 2024 में जिला फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए लगाए गए नोडल अधिकारी, सुपरवाइजर ऑफिसर, मजिस्ट्रेट और एमसीएमसी कमेटी, मॉनिटरिंग कमेटी, चुनाव खर्च सहित जिन जिन अधिकारियों की जहां ड्युटियां लगी है, उन अधिकारीयों ने एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि हमें प्लानिंग के तहत कार्य करना है। जिला का पॉलिटिकल प्रोफाइल बना कर कार्य करना है। जिला में कितने बूथ है कितने बूथ संवेदनशील और कितने अति संवेदनशील इनकी हमें जानकारी होना जरूरी है। कुल वोटर कितने हैं , वॉटर का अनुपात क्या है, इस पर ध्यान देना होगा। पोलिंग स्टेशन पर सुविधाएं क्या-क्या है उन पर ध्यान देना होगा। मूवमेंट प्लॉन बनाकर उस पर कार्य करना होगा।

सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने प्रशिक्षण के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उन्हें यह भी जानना चाहिए कि किसी गांव या शहर अन्य स्थान पर गत चुनाव में चुनाव का बहिष्कार तो नहीं किया व अगर किया है तो उसके कारण क्या रहे थे। उन्हें चुनाव के दौरा फ्लाइंग स्कवैड, निगरानी टीम की भूमिका के अलावा किन-किन धाराओं के तहत प्रत्याशी पर किन स्थितियों में मामला दर्ज किया जा सकता है पर भी प्रशिक्षित किया। उन्होंने चुनाव संबंधित हैड बुक का अध्ययन करने का भी अधिकारियों को सुझाव दिया। सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने आज प्रशिक्षणार्थी में सेक्टर आफिसर, परिजाइडिग अधिकारी की चुनाव में क्या भूमिका होती है,पोलिग पार्टी, रैडमाईजेशन, पीडब्ल्युडी वोटर क्या होता है इसकी क्या विशेषता होती है, टैंडर वोट क्या होता है, रिफयूज वोट क्या होता है। उन्होंने अधिकारियों को पिंक बुथ, मॉड्रन बुथ के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। एस्टेट आफिसर्स सिद्धार्थ दहिया, डिप्टी सीईओ परमेन्दर सिंह, चुनाव तहसीलदार सहित अन्य पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी प्रशिक्षण शिविर में मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### शर्त व नियमों का उल्लंघन करने वाले 324 शस्त्र धारकों के लाइसेंस रद्द



Faridabad/Alive News

शस्त्र लाइसेंस नियमों के अनुसार समय समय पर शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण करवाया जाना अनिवार्य है। जो की एक जरूरी प्रक्रिया है।जॉइंट पुलिस कमिश्नर ओपी नरवाल द्वारा ऐसे 128 सशस्त्र धारकों के लाइसेंस को सस्पेंड किए गए। साथ ही ओपी नरवाल ने शहर के 324 शस्त्र धारकों के लाइसेंस भी रद्द किए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शस्त्र लाइसेंस का लाइसेंस धारक को नवीनीकरण की तारीख़ से 60 दिन पहले सरल पोर्टल पर अप्लाई करना होता है ताकि समय रहते लाइसेंस रिन्यू हो सके। शस्त्र लाइसेंस NPB ( Non Prohibited Bore) बनवा तो लिया लेकिन इसके बाद किसी ने समय पर नवीनीकरण नहीं कराया जिससे प्रतीत होता है कि लाइसेंस धारकों को शास्त्र की जरूरत नहीं है और वह अपने शास्त्र के प्रति सजग नहीं है और उन्हें शस्त्र की आवश्यकता नहीं है। ऐसे शस्त्र लाइसेंस यदि नवीनीकरण नहीं करवाते हैं तो उनके शस्त्र लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। लेकिन कुछ शस्त्र धारकों ने पिछले 5 साल से भी अधिक वर्षों तक लाइसेंस को रिन्यू नही करवाया है। स्क्रुटनी करने पर पाया गया की जिन्हें कुछ लाइसेंस धारकों की मृत्यु हो गई है और जिसके संबंध में परिजनों के द्वारा पुलिस को सूचना नही दी गई। कुछ लाइसेंस धारक के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है, ने गलत नियत से हथियार का प्रयोग किया है, लाइसेंस धार की उम्र अधिक हो जाने के कारण, लम्बे समय से लाइसेंस रिन्यू ना करवाने के कारण तथा लाइसेंस होन पर भी हथियार नही खरीद ने वाले लाइसेंस धारक शामिल है। जिन्हें 4-5 साल हो चुके हैं. ऐसे ग़ैर ज़िम्मेदार शस्त्र धारकों की लिस्ट बनायी जा रही है।

### सी डब्ल्यू सी चेयरपर्सन और डीसीपीओ ने किया बाल गृह का औचक निरक्षण



Faridabad/Alive News

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन प्रवीण जोशी ने 01 मार्च 2024 को फरीदाबाद के आंगनवाड़ी सेंटर, सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल एवम जिला बाल गृह में औचक निरक्षण किया। इस दौरान चेयरपर्सन प्रवीण जोशी ने आंगनवाड़ी वर्कर्स को बेहतर सेवा प्रदान करवाने सहित बच्चों के बेहतर विकास हेतु सुझाव दिए। स्कूल प्रिंसिपल द्वारा बताई गई समस्याओं को सुना एवम उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। बाल गृह में पाई गई खामियों से सी डब्ल्यू सी चेयरपर्सन एवम डीसीपीओ को अवगत कराते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

### राजीव कॉलोनी की प्रेरणा पॉकिट में सीवर लाईन व पानी की लाइन डालने का कार्य शुरु- विधायक




Faridabad/Alive News

एनआईटी फरीदाबाद से विधायक नीरज शर्मा ने एनआईटी विधानसभा की राजीव कॉलोनी प्रेणा पॉकिट कि गलियों में पानी की लाइन एंव सिवर लाइन डालने के कार्य का शुभारंभ किया। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि इन गलियों में सीवर लाइन व पानी की लाइन डालने के बाद इनको बनाने का कार्य भी शुरू करवाया जाएगा। इस पॉकिट के लोगो की काफी समय से मांग थी। जिसके चलते इसका एस्टीमेट काफी समय से बनवाया हुआ था, अब जाके इनका वर्क आर्डर हुआ है। इन गलियों में पानी की लाइन और सिवर लाइन डालने का कार्य लगभग 67 लाख की लागत से किया जाएगा। इसके बाद इन गलियों में इंटरलॉकिंग टाइल्स का कार्य शुरू करवाया जाएगा।

इस मौके पर वीरेंद्र डागर द्वारा बताया कि हमने इस समस्या के बारे में काफी दिनों से बताया था, आज विधायक ने इस कार्य का शुभारंभ किया इसके लिए हम कॉलोनी वासी विधायक का धन्यवाद करते है।

इस मौके पर वीरेन्द्र डागर एडवोकेट, भरत फ़ौजी, छगन प्रधान, सुरेन्द्र शर्मा ,राहुल, नवीन, दीपक यादव, भगत डागर, हरीओम् गोस्वामी, किर्शन कटारिया, धारा प्रधान, भरती पाँचाल, दुर्ग प्रशाद, गुलाम मुस्तफ़ा, शंबू भाई, महावीर ठाकुर, बलबीर, रूप सिंह, शारदा बाक्स एवं अन्य साथी उपस्थित रहे।

### लोगों को किया जागरूक, ठगी का शिकार होने पर यहां करें शिकायत

Faridabad/Alive News

रविवार को सेक्टर 12 में पुलिस ने लोगों को साइबर क्राइम और नशे के प्रति जागरूक किया। लोगों को हेल्पलाइन नंबर और साइबर ठगी का शिकार होने पर पुलिस को शिकायत देने के बारे में भी जानकारी दी गई। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि लोगों के लिए समय समय पर जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाता है। इसी संबंध में सेक्टर बारे में लोगों को साइबर क्राइम और नशा के पार्टी जागरूक किया गया। किसी भी व्यक्ति के साथ कोई भी साइबर फ्रॉड हो जाता है तो वह 1930 पर संपर्क कर सकता है। इसके अलावा किसी प्रकार की कोई भी अप्रिय घटना होने पर या कोई भी अपराध होने पर सभी को 112 पर सूचना देने के बारे मे अवगत किया गया। पुलिस 24 घंटे लोगों की सहायता के लिए तत्पर है।



# परिवहन मंत्री ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की

Faridabad/Alive News

प्रदेश के परिवहन मंत्री एवं बल्लभगढ़ विधानसभा से विधायक मूलचंद शर्मा ने आज फरीदाबाद नगर निगम मुख्यालय में निगम कमिश्नर ए. मोना श्रीनिवास तथा अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में परिवहन मंत्री ने बल्लभगढ़ विधानसभा में चल रहे मुख्यमंत्री घोषणा के कार्यों और भविष्य में किए जाने वाले अन्य विकास कार्यों की प्रगति के बारे बिंदुवार समीक्षा की। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों से पिछले 1 साल में बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र मे चल रहे विकास कार्य के साथ-साथ नए शुरू होने वाले कार्यों के बारे में भी जानकारी ली। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की आगामी लोकसभा आम चुनावों के बाद बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जो गलियां और सडकें खराब स्थिति में हैं, उन्हें नए सिरे से बनवाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि गलियों के निर्माण कार्य के लिए विभाग में प्रकिया चली हुई है। वहीं उन्होंने मोहना रोड नाले की समय समय पर सफाई, मलेरणा रोड़ के दोनो ओर की बड़ी नालियों की सफाई और मिल्क प्लांट रोड की नालियों की सफाई व्यवस्था को लेकर भी अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बल्लभगढ़ के आर्य नगर में सीवरेज लाइन डालने और यहां नए कम्युनिटी सेंटर को बनाने के कार्य की आधारशिला जल्द रखी जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार प्रदेश में विकास करा रही है और आज हरियाणा प्रदेश उन्नति के पथ पर है। इसके अलावा जल्द



ही बाबा हिरदे राम कुंड के जीर्णोद्धार और बल्लबगढ़ के प्राचीन पथवारी मंदिर के कायाकल्प के कार्य को भी जल्द शुरू कराया जाएगा।उन्होंने क्षेत्र में लगातार चल रहे विकास कार्यों के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर का आभार प्रकट किया। इस बैठक चीफ इंजीनियर वीके कर्दम, एक्सईएन ओपी कर्दम और ड्राफ्ट्समैन मुकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीबीएसई फिजिक्स के पेपर के सवालों को देख निराश दिखे दसवीं साइंस के बच्चें

Faridabad/Alive News

सीबीएसई 10वीं क्लास का साइंस का पेपर आसान रहा है। शनिवार को जिले में सीबीएसई के 49 परीक्षा केंद्रों पर स्टूडेंट्स परीक्षा देने पहुंचे। परीक्षा देकर बाहर निकलते स्टूडेंट्स ने बताया कि इस परीक्षा में कुल 39 प्रश्न पूछे गए थे और इनका जवाब देने के लिए 3 घंटे का समय दिया गया। लेकिन फिजिक्स के प्रश्नों ने स्टूडेंट्स को थोड़ा परेशान किया। वहीं, टीचरों की मानें तो अन्य वर्षों की तुलना में इस बार दसवीं साइंस की परीक्षा बहुत आसान रही है।

**फिजिक्स सेक्शन के सवालों ने किया परेशान**

स्टूडेंट्स ने बताया कि पूरा पेपर तीन सेक्शन में डिवाइड था। सेक्शन ए बायोलॉजी का था। जबकि सेक्शन बी केमिस्ट्री का रहा। जिसमें से सबसे अधिकतर प्रश्न पूछे गए। सेक्शन सी में फिजिक्स से प्रश्न पूछे गए थे। फिजिक्स सेक्शन के प्रश्नों को हल करने में थोड़ी परेशानी हुई। लेकिन राहत की बात यह रही कि फिजिक्स वाले सेक्शन से ज्यादा प्रश्न नहीं थे। जबकि बायोलॉजी और केमिस्ट्री के प्रश्न सिलेबस में से पूछे गए थे। कुल मिलाकर पेपर अच्छा हुआ है। रिजल्ट आने पर ही नंबरों का पता चलेगा।

**क्या कहना है स्टूडेंट्स**

पेपर में अच्छे नंबरों के लिए साइंस की परीक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। क्योंकि 80 नंबर के इस पेपर में 20 नंबर के प्रैक्टिकल होता है। इन दोनों परीक्षाओं के नंबर एग्जाम में जुड़ते है। पेपर आसान रहा। कुछ न्यूमेरिकल के प्रश्नों ने थोड़ा उलझाया।

**-चिरंजीवी, स्टूडेंट्स- ब्लू बर्ड स्कूल।**

साइंस के पेपर में जो प्रश्न आए थे। वह सिलेबस से



ही थे। पेपर न तो ज्यादा कठिन था और न ही आसान था। लेकिन कुछ भी आउट ऑफ सिलेबस नहीं था। पेपर पूरा किया है। रिजल्ट आने पर नंबरों का पता चलेगा।

**-रितिक, स्टूडेंट-ब्लू बर्ड स्कूल।**

पेपर आसान रहा है। परीक्षा की अच्छी तैयारी की थी। पेपर में 80 में से 60 नंबर आने तय है। दो सेक्शन काफी आसान रहे। होली अच्छी मनेगी।

**-हर्षित धामा, स्टूडेंटस-ब्लू बर्ड स्कूल।**

# हिन्दी का पेपर आसान आने पर बच्चों के खिले दिखे चेहरे

Faridabad/Alive News

शनिवार को हरियाणा बोर्ड के 10वीं के स्टूडेंट्स ने हिंदी की परीक्षा दी। परीक्षा 83 केंद्रों पर शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हुई। जिले में 10 हजार से अधिक स्टूडेंट्स ने हिंदी की परीक्षा दी। परीक्षा सेंटर से निकलते स्टूडेंट्स काफी खुश नजर आए। इस दौरान स्टूडेंट्स ने बताया कि पेपर आसान रहा। पेपर पांच सेक्शन में विभाजित था। पहले सेक्शन में बहुविकल्पीय प्रश्न थे। जबकि अन्य सेक्शन में अति लघु और वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर देने थे। परीक्षा के लिए कुल 3 घंटे का समय मिला। परीक्षा केंद्रों पर चेकिंग के बाद स्टूडेंट्स को प्रवेश दिया गया। हालांकि, हिंदी की पूरी परीक्षा आसान रही है। अब दसवीं कक्षा की अगली परीक्षा 5 मार्च को




फिजिकल हेल्थ की होगी।

**क्या कहना है स्टूडेंट्स का**



हरियाणा बोर्ड हिंदी की परीक्षा आसान रही है। पेपर से पहले थोड़ी टेंशन हो रही थी। लेकिन पेपर देखने के बाद सारी परेशानी दूर हो गई। पेपर को लिखने में ज्यादा समय लगा। लेकिन सभी प्रश्न काफी आसान थे।

**-मनीषा, स्टूडेंट पी.पी कान्वेंट स्कूल।**

परीक्षा की तैयारी काफी दिन से कर रहे थे। इस साल दो बार प्री बोर्ड हुआ है। जिसके चलते परीक्षा की तैयारी भी काफी अच्छी हुई है। हिंदी की परीक्षा में सिलेबस से अधिक प्रश्न थे।



**-पूनम, स्टूडेंट पी.पी कान्वेंट स्कूल।**

**क्या कहना है अधिकारी का**

आज दोनों ब्लाकों में बने 83 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा सम्पन्न हुई है। अभी तक किसी भी सेंटर से कोई नेगेटिव रिपोर्ट नहीं आई है। स्टूडेंट्स का हिंदी का पेपर आसान रहा है। जिले में परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई है।

**-आशा दहिया, जिला शिक्षा अधिकारी।**

# सतयुग दर्शन इंस्टिट्यूट में वार्षिक सांस्कृतिक फेस्ट विरासत 2024 का आयोजन




Faridabad/Alive News

सतयुग दर्शन इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में वार्षिक सांस्कृतिक फेस्ट विरासत 2024 का आयोजन किया गया । इस आयोजन का शुभारम्भ माननीय प्रो. वीरेशदत्ता (आई .आई .टी.दिल्ली) के कर कमलों द्वारा हुआ । मुख्य अतिथि डा. वीरेश दत्ता ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से छात्रों को प्रोत्साहित किया ।

कर्नल .राजीव गुप्ता ने डा. दत्ता का धन्यवाद करते हुए अपने प्रेरणादायक शब्दों से छात्रों को सम्बोधित किया। छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा व रचनात्मकता का परिचय विविध गतिविधिओं यथा नृत्य, गायन, नाट्य कला व रैंप वाक द्वारा दिया। प्रसिद्ध कलाकार अदनान अहमद द्वारा गायन व बैंड की अद्भुत प्रस्तुति दी गयी ।

# नेहरु कॉलेज में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सीटीएम ने की शिरकत

Faridabad/Alive News

डीसी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में आज शनिवार को राजकीय नेहरु महाविद्यालय में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार स्पीप एक्टीविटी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सीटीएम अंकित कुमार ने की।

नगराधीश अंकित कुमार ने कहा कि लोकतंत्र का महापर्व यानी 18वीं लोकसभा आम चुनाव आने वालें हैं। इसमें सभी युवाओं को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है तथा अपने परिजनों एवं जान पहचान वालों को इस महापर्व में भाग लेने के लिए प्रेरित भी करना है।

जिला प्रशासन की ओर सभी मतदाताओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। जिला प्रशासन जागरुकता के लिए स्वीप कार्यक्रम का आयोजन करता है। इसमें आप सभी अपनी सक्रिय भूमिका निभाए।

सीटीएम अंकित कुमार नेहरु कॉलेज में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे।

सीटीएम अंकित कुमार ने वहां उपस्थित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि स्वीप गतिविधियों के साथ युवा क्लबों, महिला मंडलों और स्वैच्छिक संस्थाओं को भी शामिल करें। इसके



साथ ही नुक्कड़ नाटक तथा विभिन्न स्तरों पर युवाओं के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन भी करें जिसके माध्यम से मतदान के महत्व के बारे में नागरिकों को अवगत करवाया जा सके और मतदान के लिए प्रेरित किया जा सके। जिले में नोडल अधिकारियों और अन्य टीमों के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाएं भी आयोजित की जा रही हैं। ताकि निष्पक्ष तौर पर निर्वाचन प्रक्रिया को पूर्ण किया जा सके। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं, कि चुनाव आयोग के निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त कदम उठाएं।

उन्होंने कहा कि जिले में हर विधानसभा क्षेत्र में पहले के मुकाबले अधिक मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करें। पिछले चुनाव में जिन क्षेत्रों में कम मतदान रहा है, उनके लिए विशेष योजना बना कर वहां मतदान प्रतिशत को और अधिक बढ़ाने का प्रयास जिला प्रशासन करेगा। महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में स्वीप के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। ताकि नए मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा सके।

राजकीय नेहरु कॉलेज की प्रिंसिपल रुचिका खुल्लर ने विधार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी छात्र-छात्राएं तथा अन्य सभी योग्य लोग अपना-अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाना सुनिश्चित करें। मतदाता सूची में अपना-अपना नाम चेक कर लें। अगर नाम नहीं है तो फिर आवेदन करें। मतदान करने के लिए वोटर लिस्ट में नाम होना अनिवार्य है। मतदाता निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत 12 पहचान पत्र में से किसी एक का उपयोग कर मतदान कर सकते हैं।

कार्यक्रम में इलेक्शन तहसीलदार, कोऑर्डिनेटर एमपी सिंह, प्रोफेसर अंकित कौशिक, असिस्टेंट प्रोफेसर अमृता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

# D.A.V. School-37 organize "Baby Show"



Faridabad/Alive News

D.A.V. Public School, Sector-37, organized a "Baby Show" on 24 February under the leadership of Principal Deepti Jagota and Supervisory Head Geeta Nagpal. All Children participated in the program along with their parents. It was organized to boost the confidence level of the students and it became an unforgettable event as every child participated along with their parents. The school principal Deepti Jagota said that the students enjoyed dancing and walking on the ramp during this period. Such programs boost the morale of the students and prepare them for a better future. Such programs are organized in the school from time to time for the students.

# नव ज्योति स्कूल ने अपना 37वां वार्षिक समारोह मनाया धूमधाम से

Faridabad/Alive News

फतेहपुर बिल्लौच स्थित नव ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने अपना 37वां वार्षिक समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गिर्राज शर्मा, ब्लॉक समिति के चेयरमैन चंद्रपाल, समाजसेवी रवि मोहन शर्मा, समाजसेवी बी.पी गोयल, फतेहपुर बिल्लौच गांव की सरपंच सरोज सैनी और उनके पति खेमचंद्र सैनी, शिक्षाविद अवतार सिंह पहुंचे।

समारोह में स्कूल के डायरेक्टर डॉ प्रताप सिंह वशिष्ठ ने आए हुए सभी गणमान्य व्यक्ति व अतिथियों का फूल माला, बुके और मुमेंटो भेंट कर स्वागत किया। स्कूल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर नर्सरी से चौथी क्लास तक के विद्यार्थियों ने कश्मीरी कल्चर डांस, हरियाणवी डांस, देश भक्ति गाने पर डांस की प्रस्तुति दी। आए हुए अतिथियों ने नव ज्योति स्कूल की 37वीं वार्षिक गांठ पर स्कूल के डायरेक्टर डॉ प्रताप सिंह वशिष्ठ और स्कूल की प्रिंसिपल अलका भटनागर को बधाई दी और शिक्षा के क्षेत्र में जो आर के कॉलेज और



नवजोत स्कूल द्वारा फतेहपुर बिल्लौच क्षेत्र में उत्कर्ष कार्य के लिए भी सराहना की।

स्कूल के डायरेक्टर डॉ प्रताप सिंह ने बताया कि आज के समय मे हमें आत्मनिर्भर होना चाहिए। ऐसे कार्यक्रम से बच्चों का प्रोत्साहन होता है और इन कार्यक्रमों से बच्चें शिक्षित होते है।

समारोह के अंत में स्कूल की प्रिंसिपल अलका भटनागर ने सभी अभिभावकों, विद्यार्थी और अतिथियों का समारोह में पहुंचने पर धन्यवाद किया।

# Sunderkand and Bhandara organized in Murari Lal School on 25th Foundation Day



Faridabad/Alive News

Foundation Day was celebrated with pomp and happyness at Murari Lal Senior Secondary School, Palla No. 3. Sunderkand Paath and Bhandara were organized on this occasion. Teachers and students of the school participated enthusiastically in the function. Like previous years, this year also Foundation Day was celebrated with great enthusiasm at Murari Lal Senior Secondary School. Students presented cultural programs on the 25th Foundation Day. Students were also rewarded for their excellent presentation. The parents of the students were also honoured. School Chairman Sudhir Chauhan and Principal Anita Chauhan told that Sunderkand Path and Bhandara were organized on the Foundation Day on 25th. The school and surrounding people took Prasad in the Bhandara. The school has been established for 25 years and will continue to move ahead in the field of education. He also expressed his gratitude to the teachers and parents of the students. On this occasion, Dr. MP Singh, Yatender Sastri and school staff were present.

# Workshop on "Important Insights on Earthquake Safety" organized at Manav Sanskar School



Faridabad/Alive News

A workshop on the topic "Important Insights on Earthquake Safety" was organized at Manav Sanskar Public School. Dr. MK Singh gave information related to this to the students. During this time all the teachers including the school principal were present. During the session Dr Singh stressed on the importance of being well informed and equipped to deal with seismic events. They demonstrated practical safety measures including the 'Drop, Cover and Hold On' technique, which is important to reduce injuries during seismic activities. School Director Yogesh Sharma and Principal Dr. Kaumudi Bhardwaj expressed their gratitude for the invaluable knowledge shared during the session. They have provided the school community with a high sense of awareness and preparedness.The session ended with an interactive quiz, giving students and teachers a chance to get clarifications on various aspects of earthquake preparedness.

# Expert lecture organized on the occasion of Maharishi Dayanand Saraswati Jayanti

Faridabad/Alive News

J.C. Bose University of Science and Technology has organized an expert lecture on the topic "Understanding Holistic Development for Students" for media students on the occasion of Maharishi Dayanand Saraswati on 5th March. The lecture started with the welcome speech of Dr. Pawan Singh, Chairman of the Department.

During the session, Dr. Kumar said that holistic development essentially means developing the intellectual, mental, physical, emotional and social capabilities of a child so that they are able to face the demands and challenges of everyday life. These abilities are very important for success in the workplace.

He said that every child is unique. He has unique personality traits, interests, preferences, values, attitudes, strengths and weaknesses. He discusses the knowledge of the five sheaths (pancha kosha) in Advaita Vedanta, which demonstrate the illusory nature of personality. To achieve this, overall development of the child is extremely important.Students gained a descriptive idea about holistic education and its importance in today's time. The lecture was organized under the leadership of Dr. Pawan Singh, Chairman of the



Department. The Chairperson congratulated and appreciated the effort put in by the faculty member and promised to organize more practical exposure lectures for the students in future. The lecture was conducted by Dr. Bharat Dhiman, Assistant Professor of the Department.

# JC Bose University celebrated International Women's Day

Faridabad/Alive News

Faridabad/Alive News: J.C. Bose University of Science and Technology, organized a special program to celebrate International Women's Day by celebrating the invaluable contributions and achievements of women in various fields. The program was attended by Dr. Savita Bhagat, Retired Principal of DAV Centenary College, Faridabad along with Smt. Respected academicians and social workers were welcomed. Sunita Singhal and Jayamala Tomar, who graced the occasion with their enlightening presence.

The program was presided over by Vice Chancellor Professor Sushil Kumar Tomar, in which Professor Neelam Turk, Chairperson of ICC and Women's Cell, highlighted the importance of the celebration. Before this, Prof. Tomar and other dignitaries garlanded the statue of Jagadish Chandra Bose and viewed the students' photo exhibition focusing on Women's Day. Starting with the traditional lighting of the lamp, Vice Chancellor Prof. Sushil Kumar Tomar gave a heartfelt address giving warm wishes on International Women's Day.



The smooth coordination of the program was facilitated by ICC members Prof. Made possible by the dedicated efforts of Dr. Lakhvinder Singh, Dr. Shailja Jain, Dr. Anuradha Pillai, D. Preeti Sethi, Ms. Renu Dagar and Ms. Aarti Singh, which ensured a memorable and impactful celebration of International Women's Day.







Printed, Published & Owned By : Tilak Raj and Printed at The M/s AGS Publication, D-67, Sector-6, Noida, U.P. -201301, From 547, Nangla Enclave, Part-1, N.I.T., Faridabad(Hr.), Editor : Tilak Raj, Ph : 0129-4070270, 9891639448